दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 67 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् - 2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### ट्रम्प को मांगने पर भी नहीं मिला नोबेल पीस प्राइज, अमेरिका ने नोबेल कमेटी पर लगाया पक्षपात का आरोप

# वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल

**अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए लगातार 20 साल किया संघर्ष**

बढ़ता राजस्थान

**ओस्लो ( एजेंसी )।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्होंने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए 20 साल लगातार संघर्ष किया है। नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा– लोकतंत्र ही स्थायी शांति की शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिए जनता को दबाने लगती है, तो ऐसे साहसी लोगों को सम्मान देना जरूरी हो जाता है। मचाडो ने सुमाते नामक संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वे देश में मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करती रही हैं।



**मचाडो ने नोबेल पुरस्कार के तीन मापदंड पूरे किए**

नोबेल कमिटि ने कहा कि मचाडो ने नोबेल पुरस्कार के तीनों मापदंडों को पूरा किया है। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया, सैन्यकरण के खिलाफ लगातार खड़ी रहीं और लोकतंत्र को समर्थन दिया। उन्होंने लोकतंत्र में ऐसे भविष्य की उम्मीद जगाई है जहां नागरिकों के मूल अधिकार सुरक्षित हों और उनकी आवाज सुनी जाए, और लोग स्वतंत्र और शांति से जी सकें।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बीते कई महीने से नोबेल की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन नोबेल कमेटी ने उन्हें इस पुरस्कार के लिए नहीं चुना।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नोबेल नहीं मिलने पर अमेरिका ने पक्षपात का आरोप लगाया। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि नोबेल कमेटी ने एक बार फिर साबित किया कि वे शांति से ज्यादा राजनीति को तरजीह देते हैं।

### शावेज का भाषण बंद कराकर दुनियाभर में मशहूर हुईं, ट्रम्प माचाडो को स्वतंत्रता सेनानी कह चुके हैं

मचाडो दुनिया में पहली बार तब सुर्खियों में आईं जब उन्होंने वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति का भाषण बंद करा दिया था। यह घटना 14 जनवरी 2012 की है। शावेज संसद में 9 घंटे 45 मिनट का भाषण दे चुके थे। तभी मचाहो ने चिल्लाते हुए उन्हें 'चोर' कहा और लोगों की जब्त की गई संपत्ति को लौटाने को कहा। इसके जवाब में शावेज ने कहा कि वो बहस नहीं करेंगे क्योंकि वह इसके काबिल नहीं। यह घटना देशभर में चर्चा का विषय बन गई और माचाडो को एक साहसी विपक्षी नेता के रूप में स्थापित किया।राष्ट्रपति ट्रम्प माचाडो को स्वतंत्रता सेनानी कह चुके हैं। मारिया मचाडो वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ चुनाव लड़ चुकी हैं। मचाडो 1 साल से भी ज्यादा समय से देश में ही छुपकर रह रही हैं।

### ट्रम्प को इस कारण भी नहीं मिला नोबेल



2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 थी। इस तिथि के बाद प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया गया। नामांकन की प्रक्रिया 1 फरवरी से शुरू होती है, और 31 जनवरी तक मिले नामांकनों को ही मान्य माना जाता है। ट्रम्प के 20 जनवरी 2025 को दोबारा राष्ट्रपति बनने के केवल 11 दिन बाद नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकन बंद हो गया था। इतने कम दिन में ट्रम्प के पास करने के लिए बहुत कुछ नहीं था जिसके लिए उन्हें नोबेल मिलता।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में तालिबानी फरमान, महिला पत्रकारों की एंट्री बैन

बढ़ता राजस्थान

**काबुल ( एजेंसी )।** तालिबानी विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को अफगान दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, इस दौरान 20 पत्रकार मौजूद थे, लेकिन इनमें एक भी महिला पत्रकार नहीं थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुत्तकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने सुझाव दिया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार भी होनी चाहिए, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह साफ नहीं है कि तालिबान ने भारत को पहले बताया था या नहीं कि वे महिला पत्रकारों को नहीं बुलाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे हमारी जमीन महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का एजेंडा रखने वाले कौन होते हैं?

अमीर खान मुत्तकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बगराम एयरबेस किसी को नहीं देंगे। उन्होंने ये भी कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी देश के खिलाफ नहीं होने देगा।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने कहा था कि वे अफगानिस्तान में अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापस चाहते हैं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

मुत्तकी ने कहा कि अफगान लोग कभी अपनी जमीन पर विदेशी सेना को स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई देश अफगानिस्तान के साथ संबंध बनाना चाहता है, तो डिप्लोमेटिक तरीके से आए, मिलिट्री वर्दी में नहीं।

### फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप, लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर लेटे

बढ़ता राजस्थान

**मनीला ( एजेंसी )।** फिलीपींस के दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में शुक्रवार सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी। फिलहाल सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कई और झटकों की चेतावनी दी। आधे घंटे तक 5.9 तीव्रता और 5.6 तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी ने विनाशकारी सुनामी आने की आशंका जताई थी। मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के तटीय शहरों में रहने वाले लोगों को तत्काल ऊंची जगहों पर जाने को कहा गया।

### जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा देने से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को 4 हफ्तों का दिया समय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा देने से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्तों का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। राज्य के हालात सामान्य हैं, विकास हो रहा है और 99.9% लोग सरकार के साथ हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है। इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था।

### एटीएस ने कोटा, भीलवाड़ा, उदयपुर और बांसवाड़ा के 31 ठिकानों पर दी दबिश

# इंडियन आर्मी से रिटायर्ड जवान बताकर एफसीआई में लगे नौकरी, 28 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने शुक्रवार को 28 फर्जी जवानों को गिरफ्तार किया है। सभी खुद को इंडियन आर्मी से रिटायर्ड जवान बताकर सिक्योरिटी एजेंसी के जरिए एफसीआई में नौकरी लगे थे। इसके लिए फर्जी डॉक्यूमेंट भी लगाए थे, जिन्हें जब्त किया गया।

नौकरी के बाद 3 से 5 हजार रुपए हर महीने कमीशन के दलाल को देते थे। एटीएस ने फर्जीवाड़े का पता लगने पर मॉक ड्रिल का जाल बिछाकर सभी के डॉक्यूमेंट मांगे थे।

इसके बाद फर्जी जवानों को लिस्टेड कर फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के राजस्थान में 31 ठिकानों पर दबिश देकर इन्हें पकड़ा। एटीएस आरोपियों से पूछताछ के बाद जल्द मामले का खुलासा करेगी।

**मॉकड्रिल के बहाने सिक्योरिटी गाड्र्स के डॉक्यूमेंट लिए :** आईजी (एटीएस) विकास कुमार ने बताया– फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के प्रावधान में 90 प्रतिशत सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती रिटायर्ड सैनिकों की रहती है।



एटीएस को इनपुट मिला था कि इसका फायदा उठाकर कई लोगों ने फर्जी तरीके से खुद को रिटायर्ड इंडियन आर्मी जवान बताकर नौकरी पाई है। इनपुट मिलने के बाद एफसीआई के कोटा, भीलवाड़ा और उदयपुर व बांसवाड़ा के 31 ठिकानों पर दबिश देकर मॉक ड्रिल की बात कहकर सभी सिक्योरिटी गाड्र्स को इकट्ठा किया गया। सभी से इंडियन आर्मी से जुड़े डॉक्यूमेंट लिए गए। डॉक्यूमेंट की जांच करने के बाद 28 फर्जी जवानों की लिस्ट बनाई गई। इसके बाद सभी को गिरफ्तार किया।

**हर महीने दलाल को देते थे कमीशन**

पकड़े गए फर्जी जवान करीब 3-4 साल से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। आर्मी के फर्जी डॉक्यूमेंट बनवाने के लिए 30 से 50 हजार रुपए प्रति व्यक्ति खर्च किया गया था। एफसीएल में 21 हजार से ज्यादा सैलरी में नौकरी लगे थे। जॉब लगने के बाद प्रति महीने सैलरी में से 3 से 5 हजार रुपए कमिशन के दलाल को दिया करते थे। एटीएस को इस तरीके से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी पाने वालों का आंकड़ा ज्यादा होने का अनुमान है। इस फर्जीवाड़े की बड़ी गैंग का जल्द खुलासा होगा। एटीएस की ओर से कुल 3 प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से बंद होने की सुगबुगाहट

### राज्य सरकार ने घाटे में चल रहे बोर्ड और निगम को न्यू पेंशन स्कीम लागू करने की दी अनुमति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान में ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से बंद होने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने घाटे में चल रही संस्थाओं को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू करने की छूट दे दी है। इन संस्थानों में अब तक ओपीएस स्कीम है। इनमें बोर्ड, निगम, स्वायत्त संस्थाएं और विश्वविद्यालय शामिल हैं।

वित्त विभाग ने कमजोर आर्थिक स्थिति वाली संस्थाओं को ओल्ड पेंशन बंद करने की छूट के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। जिन बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालयों के पास पेंशन फंड में पैसा नहीं है, वे अपने स्तर पर बोर्ड में फैसला करके सरकार से मंजूरी के बाद न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में शिफ्ट हो सकते हैं।

**गहलोत सरकार ने अप्रैल 2023 से लागू थी ओपीएस**

पिछली गहलोत सरकार के समय 20 अप्रैल 2023 से ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने को लेकर आदेश जारी किए थे। कर्मचारियों और पेंशनर्स से भी ओल्ड पेंशन में शिफ्ट होने का विकल्प भरवाया गया था। अब ओपीएस लागू नहीं करने का फैसला करने की हालत में संस्था के पेंशन फंड में जमा पैसा ब्याज सहित वापस लौटाया जाएगा।

# काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, टीटीपी चीफ नूर वली महसूद को मारने का दावा

### तालिबान बोला- पाकिस्तान हमें उकसाओ मत, वरना अमेरिका से हालत पूछ ले

बढ़ता राजस्थान

**काबुल ( एजेंसी )।** पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने टीटीपी चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। उसकी कार और गेस्टहाउस को निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

वहीं, तालिबान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा– पाकिस्तान को हमारे साथ खेल खेलना बंद कर देना चाहिए। अफगानिस्तान को ज्यादा मत उकसाओ। अगर तुम ऐसा करते हो, तो एक बार ब्रिटेन और अमेरिका से पूछ लो, वे तुम्हें समझा देंगे कि अफगानिस्तान के साथ ऐसे खेल खेलना ठीक नहीं है। हम एक कूटनीतिक रास्ता चाहते हैं।



पाकिस्तान ने काबुल पर ऐसे वक्त में एयरस्ट्राइक की है जब, तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी 7 दिन के भारत दौरे पर आए हुए हैं। वे यहां पर 7 दिन रहेंगे।

**दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें, बेरोक-टोक पटाखे फोड़ने दिए जाएं**

# पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाना असंभव : सुप्रीम कोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिवाली से कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाना असंभव सा है। यह व्यावहारिक और आदर्श नहीं है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है। इसी के साथ बेंच ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बनाने और बेचने की परमिशन देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सुनवाई के दौरान केंद्र और दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें। बिना टाइम लिमिट और रोक-टोक पटाखे फोड़ने दिए जाएं।



इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी, लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत एनसीआर में बिक्री न करने की शर्त रखी थी। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 16 जिले आते हैं।

**7 सालों से दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन, कोर्ट ने पूछा- क्या बैन से प्रदूषण घटा**

दरअसल, 2017 में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाते हुए ग्रीन पटाखे जलाने का आदेश दिया था। इसके बाद 2018 में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। 2024 तक यह बैन लगा रहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदूषण स्तर ज्यादा नहीं घटा। साथ ही लोग अक्सर प्रतिबंध तोड़ते रहे। इसी वजह से दिवाली पर बैन का उल्लघंन होने के बाद कोर्ट ने दिल्ली में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर रोक लगा दी। 19 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार ने 2025 के पूरे साल पटाखों पर बैन का नोटिफिकेशन जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भी सुनवाई के दौरान पूछा कि 2018 से पटाखों पर चल रहे पूर्ण प्रतिबंध कोई ठोस असर पड़ा है या हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इसके जवाब में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- प्रदूषण का स्तर करीब वही रहा। हालांकि, कोविड लॉकडाउन के दौरान इंडस्ट्रीज और वाहन गतिविधियां बंद थीं तो प्रदूषण कम हुआ था।



## सम्पादकीय

# भाजपा की खिचड़ी में मिर्चें

भाजपा की खिचड़ी में मिर्चें इतनी हो गईं कि अब नमक को हलाल करना मुश्किल हो रहा है। एक बड़े बयान की मधानी ने सारा परिदृश्य बिलोल के रख दिया, तो बात 2017 के बाद 2022 के चुनाव तक की हैसियत और हसरत तक पहुंच गई। हर चुनाव के नायक को सब कुछ मिल जाए, यह भी संभव नहीं और अगर उस राजनीतिक आपदा में सुजानपुर किले की दीवार न गिरी होती, तो आज की भाजपा कहीं और खड़ी होती। अब पार्टी के प्रभारी श्रीकांत शर्मा जी चाहे एकजुटता की कार्यशाला में सार्वजनिक मंचों की बयानबाजी को खारिज करें या हिदायत दें, लेकिन भाजपा के भीतरी विभाजन स्पष्ट हैं। पूर्व मंत्री रमेश धवाला की बयानबाजियों पर अगर पार्टी कारण बताओ नोटिस चस्पां करती है, तो यह कांगड़ा की बेचारगी है क्योंकि पिछली तमाम सत्ताओं के बीच डूबे तो यहीं के नेता। इसी भंवर से निकले रमेश धवाला अगर जवाब में सत्य उगल रहे हैं, तो क्या प्रदेशाध्यक्ष इस खाई से पार्टी से ठुकराए गए नेताओं को बचाकर बाहर निकालेंगे। ऐसा भी नहीं है कि जो भाजपा कर रही या करती रही, उससे कहीं उलट कांग्रेस में कोई अंतर है। जनता जानती है कि कांग्रेस में कौन पीछे धकेले गए या भाजपा के भीतर कितने ताज लड़ रहे हैं। कांग्रेस के अध्यायों में वीरभद्र सिंह बनाम आलाकमान भी होता रहा है, नतीजतन पार्टी की लोरियां उनके देहावसान के बाद बदल गईं। यह नई कांग्रेस की पड़ताल जो सत्ता के तीन सालों बाद भी अपना नया प्रदेशाध्यक्ष नहीं खोज पा रही। भाजपा में आलाकमान इतनी शक्तिशाली है कि यहां मुकाबला पार्टी और संघ परिवार के बीच समीकरणों का रहा और रहेगा। यहां बयान भी सहमत हैं और बचाव भी सहमत है। इस घर के भीतर घरवाले और मेहमान भी परेशान हैं। विद्यार्थी परिषद के बागीचे में जितने गुल खिलते रहे, उतने ही सत्ता के पुष्पहार पसंदीदा नेताओं के गले में पड़ते रहे हैं। ऐसे में जिस प्रदेश से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष लंबी पारी खेल रहा हो, वहां आक्रोश और आक्रोश का समाधान, अपनी अनुमतियों की रंगत के बिना तो नहीं ठहर सकता।

भाजपा के शिखर और ताज के लिए अभी मैदान खुला है, लेकिन विडंबना यह कि हिमाचल के राजनीतिक फैसले केवल मंडी और हमीरपुर संसदीय क्षेत्रों में ही होने लगे। यह दीगर है कि कांग्रेस सरकार में सबसे अहम व अधिक मंत्री शिमला संसदीय क्षेत्र से ही बनाए गए और घोषित तौर पर पार्टी अध्यक्ष का पद प्रतिभा सिंह के बाद इसी भूखंड के किसी विधायक या मंत्री को देने की सहमति बन रही है। हिमाचल में इस तरह कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक पिछड़ापन समझा जा सकता है। इसके कई कारण हैं और यह भाजपा-कांग्रेस में एक समान दिखाई दे रहे हैं। पूर्व मंत्री रमेश धवाला ने अपने जवाब में जहां जहां अंगुली उठाई है, वहां वहां भाजपा के बीच सक्रिय तंत्र की रणनीति को समझा जा सकता है। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र का मानस बाकी तीनों से भिन्न इसलिए भी है क्योंकि यहां पृष्ठभूमि, नागरिक समाज और जातीय आधार कांटे पर है। एक समय था जब कांग्रेस इस क्षेत्र से नेताओं की अहमियत को विभिन्न वर्गों से जोडकर इस निष्कर्ष पर पहुंची कि विभिन्न कल्याण बोर्डों का गठन व उनकी बैठकों के दौर एक परंपरा बन गई। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में कबायली यानी गद्दी समुदाय तथा ओबीसी यानी प्रमुखता से चौधरी बिरादरी के साथ जुड़ी राजनीतिक क्षमता को दरकिनार कर, यह पूरा क्षेत्र अपाहिज कर दिया गया। पिछली भाजपा की सत्ता में प्रमुख गद्दी नेता किशन कपूर और ओबीसी समाज से रमेश धवाला से हुआ सुलूक दरअसल, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभाव की संवेदना को नष्ट कर गया।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 11 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1737 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में सबसे खतरनाक चक्रवात तूफान आया।
- 1869 - अमेरिकी खोजकर्ता थॉमस एडीसन ने अपनी पहली आविष्कार पर एक पेटेंट के लिए आवेदन किया। इस इलेक्ट्रिक मशीन का इस्तेमाल वोटों की गिनती के लिए किया गया था।
- 1881 - अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया।
- 1932 - न्यूयॉर्क में राजनीतिक अभियान के लिए पहला प्रसारण किया गया।
- 1939 - अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने अल्बर्ट आइंस्टीन को पत्र लिखकर अमेरिका के परमाणु कार्यक्रम को तेज़ीसे विकसित करने का आग्रह किया।
- 1968 - अमेरिका का पहला मानवयुक्त ओपोलो मिशन 'अपोलो 7' के प्रक्षेपण का कक्षा से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया गया।
- 1984 - अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक कैथरीन डी सुलिवन अंतरिक्ष में सैर करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। वह अंतरिक्ष शटल चैलेंजर पर सवार थीं।
- 1994 - अमेरिका में कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में समलैंगिक विरोधी अधिकारों को असंवैधानिक घोषित कर दिया।
- 2000 - दक्षिण अफ़्रीकी क्रिकेट बोर्ड द्वारा हैन्सी क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध।
- 2001 - त्रिनिदाद में जन्में भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक विद्याधर सूरज प्रसाद नॉयपाल को वर्ष 2001 के नोबेल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा।
- 2002 - नेपाल नरेश ज्ञानेन्द्र ने लोकेन्द्र बहादुर को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- 2005 - तीसरे अंतरिक्ष पर्यटक ग्रेगोरी ओल्सन पृथ्वी पर लौटे।
- 2007 - ब्रिटेन के उपन्यासकार डोरिस लैसिंग को वर्ष 2007 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 2008 - प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नौगाँव स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर कश्मीर की घाटी में चलने वाली पहली रेलगाड़ी को रवाना किया।
- 11 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1954 - मिथलेश चतुर्वेदी - भारतीय फ़िल्म व टीवी कलाकार थे।
- 1947 - सतीश शर्मा - कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री थे।
- 1902 - जयप्रकाश नारायण, लोकनायक के नाम से प्रसिद्ध राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी।
- 1889 - मगन भाई देसाई - प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक और शिक्षाविद थे।
- 1916 - नानाजी देशमुख - 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के मज़बूत स्तंभ और प्रख्यात समाजसेवक।

## विशेष आलेख

# देश-दुनिया की निगाहे माइनिंग सेक्टर तो एग्रेसिव मोड़ पर राजस्थान



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बोखलाहट से एक बात साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका चाहे यूक्रेन पर दबाव बना रहा हो या कनाड़ा को राज्य के रुप में घोषित कर अमेरिका में मिलाने की छटपटाहट हो या अन्य देषों की और भ्रकुटी तानने या मेल मिलाप के प्रयास हो सब कुछ इस खनिज संपदा को लेकर ही है। आज चाइना की मोनोपोली देखने को मिल रही है उसका बड़ा कारण भी उसके पास रेयर अर्थ एलिमेंट सहित आज के बदलते युग की मांग को पूरी करने वाली पुरासंपदा के अथाह भण्डार के कारण ही है। ऐसे में वैसे तो दुनिया के देश खनि संपदा को लेकर गंभीर है वहीं हमारे देश में भी केन्द्र और राज्य सरकारें खनिज खोज, खनन और खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कमर कस ली है। ऐसे में राजस्थान सरकार भी माइनिंग सेक्टर प्रोएक्टिव भूमिका निभाते हुए आगे आया है। वर्तमान सरकार खासतौर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को खनन क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान की सरकार द्वारा योजनाबद्ध प्रयासों के तहत प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलूओं के योजनावद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मोनेटरिंग, एक्सप्लोरेशन, राजस्व, निवेश एवं रोजगार बढ़ोतरी, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विभाग द्वारा उच्चस्तरीय परियोजना मोनेटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। माना जा रहा है कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भण्डारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें जल्दी परिचालन आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढेंगे। वैसे भी आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर की भूमिका में बड़ा बदलाव आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रप्रति ट्रंप की छटपटाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका कभी कनाडा को अमेरिका का राज्य ही बनाने में जुटा है तो यूक्रेन की खनिज संपदा अपने नाम करवाने या रुस पर दबाव बनाने के पीछे धरती के गर्भ में समाई खनिज संपदा ही है। खनिज संपदा पर आज दुनिया के देशों की नजर है। चीन के वर्चस्व का बड़ा कारण उसका आरईई सहित खनिज संपदा पर एकाधिकार ही है और आज चीन के इस वर्चस्व को कम करने में ही जुटे हुए हैं। खैर यह विषयांतर होगा पर एक बात साफ है कि माइनिंग सेक्टर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तेजी से काम होने लगा है और राजथान ऑक्शन सहित रेवेन्यू अर्जन विकास दर आदि में अव्वल हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा माइनिंग सेक्टर में विपुल संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को देश में अग्रणी राज्य बनाने पर जोर देते रहे हैं। नई खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, रिप्स में सहायता प्रावधान, एमनेस्टी योजना सहित प्रक्रिया के सरलीकरण और खनन क्षेत्र विकास के महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिन्हित किया गया है।

प्रमुख सचिव माइन्स टी रविकान्त का मानना है कि सभी क्षेत्रों में समन्वित व तेजी से विकास के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जोड़ते हुए पीएमयू का गठन किया गया है जिससे योजनावद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ा जा सके। एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, शीध्र परिचालन, रिसर्च एवं डव्लपमेंट, जीरो लॉस माइनिंग, इकोटूरिज्म की संभावनाओं, पेपरलेस सहित विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया है। विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

खनिज क्षेत्र से जुड़े 7 प्रमुख सेक्टरों में से पहले एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का बनाया गया है। इस दल द्वारां कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य करेगी। यह दल जीएसआई सहित तकनीकी विशेषज्ञों से समन्वय बनाते हुए एक्सप्लोरेशन से ऑक्शन आदि संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी गति दी जा सकेगी। इसी तरह से ऑक्शन किये गये माइनर और मिनरल ब्लॉकों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खान विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है और इसके लिए एक दल को मोनेटरिंग सहित आवश्यक सभी जिम्मेदारियां दी गई है। डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मोनेटरिंग की जिम्मेदारी सौंपते हुए डीएमएफटी फण्ड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मोनेटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा गया है। राज्य सरकार का सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर रहने के साथ ही बदलते परिवेश में यह आवश्यक भी हो गया है। सस्टेनेबल माइनिंग और ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर दल द्वारा स्टार रेंटिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं व क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिनिंग व उपयोग, श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोडऩे और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य दिया गया है। इसी तरह से खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रिओरियेंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश दुनिया में तकनीक में आ रही बदलाव से रुबरु कराने सहित इस तरह के कार्यों के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार ने पीएमयू गठित कर जिम्मेदारी तय करने के साथ ही सरकार की ईच्छा शक्ति स्पष्ट कर दी है। अब पीएमयू टीम को जी जान से जुटते हुए माइनिंग के सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए जुट जाना होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आपके काम में यदि कुछ व्यवधान आ रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई भी निर्णय लेने से बचना होगा। आपकी कार्य कुशलता में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को उनकी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल होगा। आपके व्यक्तित्व में भी निखार आएगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती है, इसलिए आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**तुला**
आज आपके कारोबार में इनकम बढऩे से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक**
आज आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो हो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काम को लेकर कुछ चुनौतियां घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी।

**मकर**
आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज आप रोमांटिक मूड में रहेंगे और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। आपको कोई सम्मान-सम्मान प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन रोजगार की तलाश में लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मीन**
आज आपको जीवनसाथी से अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। यदि कोई समस्या हो, तो उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अपने भाइयों से सलाह मशवरा कर सकते हैं।

## खरी-खरी

# भीड़ भरे बाजार व जाम का काला सच



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर

*दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे की सरकारी जमीन को भी बेचा हुआ है। एक भी रेहड़ी वाला बिना उनकी इजाजत के रेहड़ी खोखा या ठेली लगा नहीं सकता। ये लोग दुकान के आगे अतिक्रमण करने का पैसा लेते हैं।*

दिपावली क्या आती है शहर के बाजार रौनक से गुलजार रहने से अधिक जाम व भीड़ का आलम से अटे रहने का भय अधिक सताने लगाता है। ऐसे में व्यपार करने की व्यपारी सोचे उससे पहले ही प्रशासन का अतिक्रमण हटाओं अभियान नागासाकी व हिरोशिमा पर परमाणु बम का प्रतीत होने लगता है। अतिक्रमण हटाते समय पुलिस व नगर निगम प्रशासन के साथ व्यपारियों की वार्तालाप सुनकर ऐसा लगता है जैसे व्यपारी अतिक्रमण को अपना हक समझने लगे हैं। व्यपारी संगठन भी हालांकि इस अभियान में साथ में घूमते रहते हैं लेकिन इनकी खुद की दुकान पर इस अतिक्रमण निरोधक दस्ते की परछाई भी ना पड़े इसका पूरा बंदोबस्त करके रखते हैं। छोटे मोटे व्यपारी जिसकी कोई पूंछ नहीं होती (पूंछ होती तो लंका की तरह आग नहीं लगा देता) उसका सामान उठा लिया जाता है और अधिकारी कुछ मीडियाबाजी करवाकर अपने-अपने कार्यालय में जाकर बैठ जाते हैं। छोटा सा शहर अलवर फिर शुरू होता है व्यपारियों का विरोध कि साब एक ही त्यौहार है दिपावली इसे भी प्रशासन मनाने नहीं देता लेकिन सच कुछ ओर ही है जनाब। हाल ही में जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश अलवर आए जहां कोतवाली में शिकायत के दौरान एक व्यपारी ने कहा कि साब कुछ लोग बाहर से आते हैं सामान बेचने उनकी पुलिस वेरिफिकेश्र हो ये लोग बंगलादेशी भी हो सकते हैं फिर कोई वारदात भी कर सकते हैं। लेकिन मेरा मनाना है कि यहां के दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे की सरकारी जमीन को भी बेचा हुआ है। एक भी रेहड़ी वाला बिना उनकी इजाजत के रेहड़ी खोखा या ठेली लगा नहीं सकता। ये लोग दुकान के आगे अतिक्रमण करने का पैसा लेते हैं। यदि सामने वाला पैसा दे रहा हो फिर चाहे वो बंगलादेशी हो सब चलेगा। ये सत्य है ऐसे कई मार्केट हैं जहां दुकानदार ने दुकान के बाहर का सरकारी जमीन का टुकड़ा किराए पर दिया हुआ है। एक बार प्रशासन से कहना चाहेंगे कि सर्वे करवाकर देखिए खुद ब खुद दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। बरामदे और तिबारों में भयानक अतिक्रमण के कारण शहर में इस त्यौहारी सीजन में जाम के धक्कों के अलावा कुछ भी नहीं मिलेगा जनाब। यहां दुकानदारों द्वारा स्वयं तो अतिक्रमण किया जाता है ओर जब ग्राहक इस भीड़ में आने से बचकर ऑनलाईन खरीददारी करता है तो ये दुकानदार ही ऑनलाईन का विरोध करते हैं। अब आप ही बताईये कि आखिर ग्राहक इनकी दुकानों पर पहुँचे कैसे? अतिक्रमण करने कोई अमेरिका से ट्रम्प का कोई रिश्तेदार तो आया नहीं होगा ना। ये दुकानदार स्वयं अतिक्रमण करते हैं या करवाते हैं और अतिक्रमण की कार्रवाही का विरोध भी करते हैं।




## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा आईएएस अधिकारी डॉ. गौरव सैनी। 2 अप्रेल सन1993 को हरियाणा में जन्में गौरव शुरू से ही होनहार रहे। एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन और बैचलर ऑफ सर्जरी) करने के बाद सिविल सेवा में आए और आज आयुक्त, नगर निगम,जयपुर ग्रेटर, जयपुर जैसे पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये आयुक्त,कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता, राजस्थान जयपुर रहे। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, गंगापुरसिटी रहे। संयुक्त मु य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान जयपुर रहे। सहायक मु य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी राजस्थान, जयपुर रहे। मु य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस एवं पदेन मु य परियोजना अधिकारी माडा अलवर रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन मु य परियोजना अधिकारी माडा अजमेर रहे। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट,माउण्ट आबू, सिरोही रहे। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, रतनगढ़ चुरू रहे। सहायक सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली रहे। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन जोधपुर रहे। प्रशिक्षणाधीन एलबीएसएनएए मसूरी रहे। इसके अतिरिक्त अपने पद के अलावा इन पदों पर भी अतिरिक्त सेवाए प्रदान की। प्रबंध निदेशक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम ;आरएसएलडीसी, जयपुर और सचिव, यूआईटी माउंट आबू सिरोही रहे। बेहद शानदार अधिकारी हैं गौरव जी। जहां भी रहे वहां अपने उच्चाधिकारियों के साथ बेहतरीन समन्वय और अपने अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल के साथ कार्य किया। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**- रूपक शर्मा**



**आईएएस डॉ.गौरव सैनी (आयुक्त, नगर निगम,जयपुर ग्रेटर, जयपुर)**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# ऑफिस स्ट्रेस की वजह से पर्सनल लाइफ हो रही है खराब, तो इन तरीकों से करें इसे मैनेज

घंटे एक मिनट का ब्रेक लें ऑफिस में काम करते-करते हम लगातार भागते रहते हैं। मीटिंग, ईमेल, टास्क और टारगेट्स के बीच दिमाग को कोई ब्रेक नहीं मिलता। लेकिन हमारा शरीर और दिमाग दोनों को आराम चाहिए। इसलिए हर घंटे बस 30 सेकंड से 1 मिनट का छोटा ब्रेक लें। इस दौरान गहरी सांस लें और अपने सांसों के बहाव पर ध्यान दें। धीरे-धीरे सांस छोडऩे से दिल की धडक़न और ब्लड प्रेशर दोनों नियंत्रित होते हैं और मन को शांति मिलती है।

**-खुद को समय दें**

अगर आपको लग रहा है कि आप काफी ज्यादा स्ट्रेस में हैं या खुद को काफी थका हुआ महसूस कर रहे हैं, तो खुद को रिलैक्स करने का समय दें। हर समय परफेक्शन की होड़ में न लगे रहें। सेल्फ-कम्पैशन यानी खुद के प्रति दयालुता, मन को शांत करने का सबसे आसान तरीका है। शरीर से स्ट्रेस बाहर निकालें स्ट्रेस सिर्फ दिमाग में नहीं, शरीर में भी जमा हो जाता है। इसके कारण मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं, कंधे उठ जाते हैं और जबड़ा टाइट हो जाता है। अगर आपको ये संकेत दिखाई दे रहे हैं, तो कुर्सी पर आराम से बैठकर कंधों को ऊपर उठाएं और छोड़ दें। जबड़े को ढीला छोड़ें। अब आंखें बंद कर तीन गहरी सांस लें। इससे शरीर को आराम मिलेगा और मन हल्का लगेगा।

मन में फालतू विचारों को न आने दें

कभी-कभी हमारे दिमाग में इतने विचार आते हैं कि हम किसी एक काम पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में, अगर कोई बात आपको बहुत परेशान कर रही है, तो उसे लिख लें और तय करें कि बाद में सोचेंगे। इससे मन हल्का होगा और ध्यान फिर से केंद्रित होगा।

**अपनी शांति को प्राथमिकता दें**

हर दिन ऑफिस में कुछ न कुछ ऐसा होता है जो हमें परेशान कर सकता है। लेकिन हर बात पर ऊर्जा खर्च करना जरूरी नहीं। अपनी सेहत, खुशी और मन की शांति को पहले रखें।

# राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में 28 एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग, लगभग 488 करोड़ का निवेश सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने बैठक में जिला उद्योग केन्द्र एवं रीको के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए औद्योगित क्षेत्रों में भूमि आवंटन, नियमित साफ-सफाई, रीको औद्योगिक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सडको पर पेचवर्क कार्य करवाने सहित अन्य संरचनात्मक सुधार आदि के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र पंकज कुमार मीना ने बैठक में जिला कलक्टर को राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति रिपोर्ट अवलोकन कराते हुए बताया कि 28 एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाकर जिले में लगभग 488 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ हैं। इस दौरान उन्होंने रिप्स के अन्तर्गत स्वीकृत ऋण के संबंध में भेजे जाने वाले बिलो पर ट्रेजरी से अनावश्यक देरी नहीं करने के निर्देश कोषाधिकारी कुलदीप मीना को दिए। बैठक के दौरान रीको औद्योगिक क्षेत्र सवाई माधोपुर में बार-बार लाईट ट्रिपिंग की समस्या स्थाई समाधान करने के लिए रीको का अलग से फीडर जोडने हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता बीएल मीना को दिए। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले दूषित जल के निस्तारण हेतु नाली निर्माण कर जल निकासी सुनिश्चित करवाने के निर्देश आरएम रीको के जीएस मीना को दिए। हाल ही में रीको क्षेत्र में विद्युत दुर्घटना के मध्येनजर 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करवाने हेतु एक्सईएन विद्युत, आरएम रीको एवं उद्योगपतियों द्वारा संयुक्त सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। वहीं रीको से जोडने वाली बारिश के कारण क्षतिग्रस्त राजनगर पुलिया को शीघ्र दुरस्त कराने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल को दिए। वहीं कलक्टर ने गंगापुर सिटी में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बिजली, पानी एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अवलोकन हेतु आगामी बैठक गंगापुर सिटी में आयोजित करने की बात कहीं। बैठक में जिला उद्योग अधिकारी प्रियंका मथुरिया, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, अध्यक्ष उपक्रमी संगठन गंगापुर सिटी संतोष गुप्ता, महामंत्री साकेत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर बना सुलह का सेतु-20 साल पुराने भूमि विवाद का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत डाबर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने लम्बे समय से चली आ रही पारिवारिक रंजिश को समाप्त कर भाईचारे की मिसाल कायम की। रमजानीपुरा गांव निवासी भरतलाल, मुन्नालाल, लक्ष्मण पुत्र नसरिया तथा विमकेश पत्नी हरकेश मीना का परिवार पिछले 15-20 वर्षों से अपने खेतों के बंटवारे को लेकर विवादों में उलझे हुए थे। इस विवाद ने परिवार के रिश्तों में कड़वाहट ला दी थी। शिविर के दौरान तहसीलदार मेघा और नायब तहसीलदार सुनील गुप्ता के निर्देशन में पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित प्रशासनिक टीम ने सभी पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई कर समझाइश के माध्यम से परिवार के सदस्यों को आपसी सहमति से बंटवारा करने के लिए प्रेरित किया।भूमि अभिलेखों और नक्शों के आधार पर विभाजन तय किया, जिस पर सभी ने एकमत होकर सहमति जताई। वर्षों पुराना विवाद कुछ ही घंटों में सुलझ गया और परिवार के चेहरों पर फिर से सुकून और मुस्कान लौट आई।भरतलाल, मुन्नालाल सहित अन्य परिवारजनों ने कहा सेवा शिविर ने हमारे जीवन में शांति और सद्भाव वापस ला दिया।

## स्कूटियां पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में चलन नि:शक्तता से जूझ रहे दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और उम्मीद की नई किरण जगाते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को नीमली रोड स्थित सीता माता मंदिर पर खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल द्वारा नि:शुल्क स्कूटियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 16 दिव्यांगजन विधायक क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत इस योजना से लाभान्वित हुए। उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों की दैनिक आवाजाही को आसान बनाना और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। स्कूटी प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन्होंने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी चलन संबंधी निशक्तता जीवन की राह में रुकावट नहीं बनेगी।

## सौर ऊर्जा स्थापना के लिए जी.एस.टी. की नवीन दर से किसान ऑनलाईन आवेदन करें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** उद्यान आयुक्तालय, राजस्थान जयपुर के निर्देषानुसार जिले में पीएम-कुसुम कम्पोनेन्ट बी सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र परियोजना के लिए पम्प संयंत्रो की दरों पर नवीन जीएसटी प्रभावी होने से पूर्व की दरों में कमी हुई है। उद्यान विभाग के उप निदेशक चन्द्रप्रकाश बडाया ने बताया कि सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र की स्थापना के लिए किसान हिस्सा राषि व अनुदान में संशोधित रेट दरें निर्धारित की गई है। नवीन दरों पर सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र के इच्छुक किसान राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। इसके लिए किसान जनआधार कार्ड, भूमि जमाबन्दी, सिंचाई जल स्रोत एवं विद्त कनेक्षन न होने का ऑनलाईन स्व: घोषित घोषणा पत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकतें।

## सिरस के आधा दर्जन गांवों में 6 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप

बढ़ता राजस्थान

**सिरस (नि.स.)।** सिरस के श्योसिंहपुरा सहित आधा दर्जन गांवों में बिसलपुर पेयजल योजना की पेयजल आपूर्ति पिछले 6 दिनों से बंद है जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी का संकट बना हुआ है। गांव के सौभागचंद योगी, सीमा योगी, श्यामलाल योगी व श्योजीलाल जाट ने बताया कि इन गांव में नटवाड़ा गांव की पेयजल टंकी से पानी की सप्लाई की जाती है। गत दिनों नटवाड़ा गांव में पाइप लाइन टूटने के बाद 6 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। पीने के पानी के लिए महिलाओं को गांव से आधा किलो मीटर दूर खेतों पर स्थित कुएं से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इस संबंध में बिसलपुर पेयजल योजना के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। गांवों में दीपावली त्यौहार की तैयारी के चलते भी पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन भेज कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाने की मांग की है।

## शिक्षक सभ्य समाज का निर्माता है- बंसल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बावड़ी बालाजी के मंदिर में द्वितीय शिक्षक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, डीईओ माध्यमिक राजेश शर्मा, एडीईओ महेश शर्मा, राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्राचार्य विनोदकुमार तिवाडी, प्राचार्य डाइट टोंक, सीबीईओ टोंक व सीबीईओ टीम निवाई द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने नवचयनित शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षक सभ्य समाज का निर्माता है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय विकास हेतु बजट में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने का आश्वासन दिया। आयोजन समिति सदस्य शिक्षक लालाराम गुर्जर, अजय नासणा, गिर्राज शर्मा, कमल योगी, जीतराम चौधरी, मंजू, अनिता व सफरीना आदि ने सफल कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

## सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु व स्वस्थ स्वास्थ्य की मनोकामना के लिए व कुंवारी कन्याओं ने मनचाहा वर पाने के लिए निर्जला व्रत रखा। इस दौरान महिलाओं ने रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर व्रत खोला। शुक्रवार को करवा चौथ के दिन महिलाओं ने भगवान गणेश व चौथ माता की पूजा अर्चना की। इस दौरान घर की बुजुर्ग महिलाओं ने चौथ माता की कथा सुनाई तथा माताजी की ज्योत के दर्शन किए। रात्रि में चंद्रोदय होने के बाद चन्द्रदेव के चलनी में से दर्शन करके चन्द्रमा को अघ्र्य चढाकर व पूजा कर जल ग्रहण किया।

## रणथंभौर : पर्यटकों के लिए राहत भरी खबर, टिकट प्रक्रिया में हुआ बदलाव

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर बाघ परियोजना में हाल ही शुरू हुए नए पर्यटन सत्र के दौरान पर्यटकों को सुविधा मुहैया कराने के लिए वन विभाग की ओर से टिकट प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। जिसके तहत अब टिकट या बोर्डिंग पास के लिए पर्यटकों को आवासन मण्डल मार्ग स्थित वन विभाग की बुकिंग विंडो पर आने की दरकार नहीं हैं। वन विभाग की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए अब बोर्डिंग पास को पर्यटकों और संबंधित वाहन चालक और गाइड के मोबाइल नम्बर पर भेजा जा रहा है।

### कतार में इंतजार से मिली निजात

पूर्व में रणथंभौर में टिकट बुक कराने या फिर बोर्डिंग पास प्राप्त करने के लिए पर्यटकों को वन विभाग की बुकिंग विंडो पर जाना अनिवार्य होता था। ऐसे में भीड़ अधिक होने पर कई बार पर्यटकों को घंटों तक कतार में इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में पर्यटकों को परेशानी होती थी। साथ ही कई बार सॉफ्टवेयर का सिस्टम डाउन होने के कारण भी बोर्डिंग पास और टिकट जारी नहीं हो पाता था। ऐसे में वन विभाग की ओर से पीली पर्ची पर हाथ से टिकट जारी कर पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजा जाता था।

### चैकिंग दल को भी मिली राहत

पार्क भ्रमण के दौरान अनियमितताओं को रोकने के लिए वन विभाग की ओर से समय-समय पर पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों, पर्यटन वाहनों आदि की जांच की जाती है। पूर्व में जांच के दौरान सभी पर्यटकों की आईडी और टिकटों की जांच की जाती थी। इसमें काफी समय लग जाता था। विभाग की ओर से जांच का कार्य अब भी किया जा रहा है, लेकिन स्कैनर मशीन का उपयोग करने और मोबाइल पर मैसेज को देखने से यह काम जल्दी और सुगम हो गया है। इससे पर्यटकों के साथ साथ जांच दल को भी राहत मिली है।

### इनका कहना है

अब बोर्डिंग पास या टिकट के लिए पर्यटकों को विंडो पर आने की जरूरत नहीं है, जहां तक कि वीआईपी कोटे के तहत भ्रमण पर जाने वाले पर्यटकों के टिकट भी अब पर्ची पर जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके लिए संबंधित पर्यटक, गाइड और वाहन चालक के मोबाइल पर ऑनलाइन मैसेज आ रहा है। इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है।

**प्रमोद कुमार धाकड़, उपवन संरक्षक (पर्यटन), रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।**

## जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर रैगर महासभा की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में आयोजित छठा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर कन्हैयालाल प्यावडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल राहोली व जिला महामंत्री रामभज वर्मा बगड़ी ने बताया कि रैगर महासभा के तत्वावधान में 28 दिसम्बर को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समारोह को लेकर 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवम्बर 2025 की अवधि में अर्जित उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओ को 10 दिसम्बर तक संबंधित तहसील अध्यक्ष को अपने आवेदन पत्र जमा करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि जिला छात्रावास के निर्माण में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाहों के नाम का शिलालेख लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में सुरेली के बेसहारा नाबालिक गोलू एवं खुशबू को महासभा की और से 81 हजार 940 रूपए का आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शकुंतला वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, हरिराम बडीवाल, बजरंगलाल वर्मा, शंकरलाल फुलेता, रमेशचंद नरानिया, कमलेश खमोखरिया, महेन्द्र नासिरदा, दामोदर वर्मा, महेन्द्र मंडरावलिया, भागचंद इंदौरिया, राजेश फुलवाडिया, बनवारी कंवरिया, चौथमल करावलिया, दुर्गालाल नरानिया, नन्दलाल वर्मा, ताराचंद मंडरावलिया, पन्नालाल पीपलू, रामकरण वर्मा, रामनारायण मालपुरा, हीरालाल खमोखरिया, रामफूल फुलेता, प्रभु मालिपुरा, मुकेश कराडिया, मुकेश खमोखरिया, संजय उचेनिया, नंदलाल वर्मा, कृष्णकान्त हाथीवाल, सुरेशकुमार मालिपुरा, धन्नालाल छावनी, हेमराज बोरखंडी एवं ताराचंद नटवाडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## भविष्य की उड़ानः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मानटाउन स्टाफ ने विद्यालय विकास हेतु दिए 2 लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन, के स्टाफ कर्मियों ने संचालित नवाचार 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर एक अनुकरणीय पहल की है। विद्यालय के स्टाफ ने आपसी सहयोग से मुख्यमंत्री (जनसहभागिता) विद्यालय विकास योजना 40.60 के तहत 2 लाख रुपए की राशि एकत्रित कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में उक्त राशि का चैक जिला कलेक्टर काना राम को सुपुर्द किया। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत, जन सहयोग से 40 प्रतिशत राशि प्राप्त होने पर 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। इस जनसहयोग के परिणामस्वरूप, विद्यालय को राज्य सरकार से 3 लाख की राशि का अतिरिक्त अनुदान सहित विद्यालय को कुल 5 पाँच लाख रुपए की राशि मिलेगी। इस संपूर्ण राशि का उपयोग प्रार्थना प्रांगण में मंच और इंटरलॉकिंग कार्य करवाने में किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य चंद्र शेखर जोशी ने कहा कि स्टाफ की यह पहल निश्चित रूप से जिले के अन्य विद्यालयों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेगी। इस अवसर पर सहायक निदेशक समसा कालूराम बैरवा, विद्यालय प्राचार्य चंडशेखर जोशी, स्टाफ कर्मी पुष्पेंद्र,इम्तियाज, वीना गुप्ता, दामोदर, रेखा, मुकेशी मीना, मंजू शर्मा, बीना वर्मा, टीना, मुकेश मीणा, बबलू गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ-नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

## सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से भरतपुर संभाग के 180 यात्री यात्रा में होंगे सवार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की वरिष्ठ-नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अन्तर्गत विशेष रेलगाड़ी दुर्गापुरा (जयपुर) से उज्जैन, ओंकारेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर, एलोरा वाया सवाईमाधोपुर-सोगारिया (कोटा) ट्रेन 13 अक्टूबर को सांय 4:25 बजे दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। आयुक्त देवस्थान विभाग कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि योजना की इस यात्रा गाडी में दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन से जयपुर सभाग के 520, सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से भरतपुर संभाग के 180 एवं सोगरिया कोटा रेलवे स्टेशन से कोटा संभाग के 76 कुल 776 यात्री यात्रा में सवार होगें। इन 776 यात्रियों को उक्त तीनों रेलवे स्टेशन पर पहुँचने हेतु सूचित किया जा रहा है। ताकि समस्त प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर सके। उन्होंने बताया कि जयपुर संभाग के यात्रियो को दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन पर प्रात 10 बजे, भरतपुर संभाग के यात्रियों को सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1 बजे एवं कोटा संभाग के यात्रियों को सोगारिया कोटा रेलवे स्टेशन पर अपरान्ह 3 बजे से पूर्व पहुंचना होगा। यात्रा में सभी यात्रियों की देख-रेख हेतु एक ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों को अनुदेशक एवं चिकित्सा व्यवस्था हेतु एक डॉक्टर व 2 नर्सिंग अधिकारी भी रहेगें।

### 200 लोगों को किया लाभान्वित

## स्वास्थ्य चर्चा शिविर में दी चिकित्सा की महत्वपूर्ण जानकारियां

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** मूक-बधिर विद्यालय में सीके बिरला हॉस्पिटल जयपुर एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य चर्चा पर शिविर आयोजित किया गया जिसमें जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभनव जैन ने लोगों को बताया कि हम कैसे अपनी आंखों का बचाव कर सकते हैं एवं बच्चों को आजकल मोबाइल फोन से होने वाली आंखों की समस्या कितनी खतरनाक हो सकती है। इससे कैसे बचा जाये और आंखों की समस्याओं को नजर अंदाज नहीं करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। शिविर में 200 पुरुष एवं महिलाएं लाभान्वित हुई। शिविर में फीजीयोथेरेफिस्ट डॉ आशीष जैन ने दिनचर्या को संतुलित करके रोगों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रोबोट तकनीक से इलाज करवाना आसान और सरल हो गया है। कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा ने किया। शिविर में लायंस क्लब के सदस्यों ने चिकित्सकों का स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भक्तामर पाठ के एक श्लोक का उच्चारण किया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर भारत माता के जयकारे लगाए। इस दौरान लोगों ने चिकित्सकों से स्वास्थ्य पर सवाल जवाब किए जिनका चिकित्सकों ने जवाब दिया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष अशोक सोगानी, जोन चैयरमेन हुकमचंद जैन, दिनेश चंवरिया, सीताराम स्वामी, महेन्द्र जैन, महावीरप्रसाद पराणा, विमल सोगानी, मनोज पाटनी, संजय सोगानी, विमल पाटनी, पारस बड़ागांव, कमल सोगानी, रेखा गोधा, शशी सोगानी, सुमन जैन, सीमा जैन, मंजू जैन, अनिता जैन, मीनाक्षी भाणजा, उषा जैन व मुन्नी देवी जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## सतरंगी संगीत परिवार का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सतरंगी संगीत परिवार का दीपावली स्नेह मिलन समारोह शहर के होटल रघुमहल में आनंद पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक शालिनी राघव भटनागर ने बताया कि सभी सदस्यो ने एक से बढक़र एक गीतो कि प्रस्तुतियाँ दी।

दीपावली के साथ साथ ही करवा चौथ के उपलक्ष्य में सभी महिलाओ सदस्यों ने मेहंदी लगवाई और अपने पति कि दीर्घायु कि कामना की। उल्लेखनीय है कि यह ग्रुप प्रतिमाह एक संगीतिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं जिसमे समस्त दम्पति सदस्य शिरकत करते हैं।

कार्यक्रम में तारिका भानुप्रताप,निधि पुनीत, अर्चना अलोक, सीमा अनिल, आशीष प्रिया, भावना प्रवीण, संजय रश्मि, संजय मधु, संजय अंजू, रानी दीपाल, पूनम राजेंद्र, नेहा गिरीश चंद्र प्रकाश प्रीती, राकेश, नीरज सदस्य मौजूद रहे और बहुत सुन्दर प्रस्तुति द्वारा दिवाली स्नेह मिलन संपन्न हुआ।

## जिला कलक्टर ने बैंकर्स समिति की बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** बैंकर्स समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की गई। अध्यक्षता जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में गंभीरता से कार्य करने एवं आवेदनों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि, सामाजिक सुरक्षा संतृप्ति अभियान, दावा न किया गया जमा खाते राशि निस्तारण के संबध में चर्चा की गई। पीएम स्वनिधि के तहत लम्बित चल रहे आवेदन पत्रों की जानकारी ली तथा तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जिले में संचालित ग्रामीण एवं शहरी जन सेवा शिविरों में सहभागिता निभाने एवं पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजना में जोडऩे का आह्वान किया। लीड बैंक अधिकारी उम्मेदराम मीणा ने बताया कि जिले में दावा न किया गया जमा खाते राशि का निस्तारण करने के लिए विशेष प्रयास करने की हिदायत दी। इसके लिए 31 दिसम्बर तक विशेष शिविर लगाने एवं सरकारी योजनाओं में लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का भी जल्द निस्तारण करने की बात कही।

## जाटव बस्ती में नवजात का भ्रूण मिलने से हडक़ंप मचा, पुलिस ने जांच शुरू की



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाटव बस्ती की हरिजन की पुलिया के पास शुक्रवार को दोपहर दो बजे नवजात शिशु का मिला भ्रुण भ्रूण मिलने से आसपास की कॉलोनी में हडक़्प मच गया। कोतवाली थाना के एएसआई सूरज सिंह मौके पर पहुंचे नवजात शिशु के भ्रूण को कब्जे में लेकर राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया।कोतवाली थाने के एएसआई सूरज सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजे थाने में सूचना मिली कि जाटव बस्ती स्थित हरिजन पुलिया के पास एक नवजात शिशु का भ्रूण पड़ा है। पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे नवजात शिशु के भ्रूण को कब्जे में लेकर राजकीय जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ ईश्वर प्रसाद ने नवजात शिशु के भ्रूण कोअस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। इस मामले में पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों ने बताया कि कोई अज्ञात महिला नवजात शिशु के भ्रूण को पटक कर गायब हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात महिला की तलाश शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हरिजन बस्ती के पास नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से हडक़ंप मच गया है।

## लेह में होगा प्रथम सिंधु महाकुंभ, राजस्थान से 500 यात्री जाएंगे, हिमालय परिवार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** अखिल भारतीय हिमालय परिवार संस्था द्वारा राष्ट्रीय महत्व की 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा के दौरान सिंधु नदी उद्गम स्थल लेह में प्रथम महाकुंभ की शुरुआत की जाएगी।

विश्व संवाद केंद्र में आयोजित हिमालय परिवार उदयपुर इकाई की बैठक में प्रदेश महामंत्री अरविंद जारोली ने यह जानकारी देते हुए बताया, कि यह यात्रा 17 से 30 जून 2026 तक आयोजित इस यात्रा का शुल्क मात्र 30 हजार रुपए होगा ,जिस पर राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएगी । सब्सिडी के विविध संदर्भों पर गहराई से विचार विमर्श किया गया । चित्तौड़ प्रांत संगठन मंत्री डॉ सुशील निंबार्क ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए हिमालय की सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण हैं कि हिमालय देश को न सिर्फ भौगोलिक , सांस्कृतिक, आध्यात्मिक बल्कि सामरिक रूप से देश को सुरक्षा और संरक्षण देता है। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और हिमालय परिवार के संरक्षक माननीय इंद्रेश कुमार के दिग्दर्शन में हिमालय परिवार पूरी शक्ति सामर्थ्य से लगा हुआ है।

इस राष्ट्रीय यात्रा और महाकुंभ में उदयपुर से 200 यात्री एवं राजस्थान से 500 यात्री भागीदारी कर सकेंगे। इन सभी को राज्य सरकार की तरफ से सब्सिडी दी जाएगी। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रमन कुमार सूद, जिला अध्यक्ष अशोक सारस्वत ने कहा कि शीघ्र ही उदयपुर जिले की नवीन कार्यकारिणी घोषित की जाएगी तथा राष्ट्र जागरण ओर सामाजिक चेतना के साथ पर्यावरण सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली इस यात्रा से समाज के प्रत्येक नागरिक का जुड़ाव बने ऐसा प्रयास किया जाएगा।

## चौबीसा ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण कल

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** चौबीसा ब्राह्मण समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 12 अक्टूबर को आयोजित होगा।

चौबीसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि सूरौठ पुलिस थाने के पास जिंदल मैरिज होम में सुबह 11 बजे शुरू होने वाले कार्यक्रम में समाज की चौबीसा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में चौबीसा ब्राह्मण समाज के विप्र बंधुओं के साथ हिंडोन शहर, हिंडोन तहसील, श्रीमहावीर जी, नादोती, वालघाट, सपोटरा, टोडाभीम, अट्टाईसा महू क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता हो रही सशक्त

# नवीन को-ऑपरेटिव कोड से कामकाज में आएगी गति, पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारी सोसायटियों में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अनियमितताओं पर नियंत्रण एवं समितियों की व्यवसाय वृद्धि के लिए कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार सोसायटियों तथा आमजन के हित में सहकारी कानून को अधिक प्रासंगिक बनाते हुए नवीन सहकारी अधिनियम लाने जा रही है। प्रस्तावित नवीन सहकारी अधिनियम में ऐसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं, जिनसे आमजन का सहकारी समितियों पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नवीन सहकारी अधिनियम वर्तमान में लागू राजस्थान सहकारिता अधिनियम, 2001 का स्थान लेगा। इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य के अनुरूप अधिक प्रासंगिक बनाया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था, जिसने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल आदि सहकारी आन्दोलन के अग्रणी राज्यों के सहकारी कानूनों का व्यावहारिक अध्ययन कर तथा वरिष्ठ अधिकारियों व विशेषज्ञों से चर्चा कर नवीन को-ऑपरेटिव कोड का ड्राफ्ट तैयार किया था। इसमें प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अनियमितताओं पर नियंत्रण और त्वरित निस्तारण के साथ ही समितियों की व्यवसायिकता, आपसी सहयोग को सुगम बनाने, समितियों के प्रबंधन में एकाधिपत्य हटाने, लोकतांत्रिक एवं सदस्योन्मुखी प्रबंधन आदि पर विशेष रूप से फोकस किया गया है।

**नवीन प्रावधानों के बारे में आमजन को किया जा रहा जागरूकः** प्रदेश में 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत जनसाधारण को प्रस्तावित नवीन अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान कर उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक लोगों को प्रस्तावित अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जा चुकी है। नवीन अधिनियम में सहकारी समितियों को स्वयं के तथा सदस्यों के उत्पाद अपने कार्यक्षेत्र से बाहर भी विक्रय किए जाने की छूट दिये जाने तथा सोसायटियों में बाजार से प्रतिस्पर्धा एवं व्यवसाय में वृद्धि के लिए आपसी सहमत शर्तों पर साझेदारी करने के प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं।

**सहकारी समितियों की आम सभा का समयबद्ध आयोजन होगा सुनिश्चितः** नवीन अधिनियम में सहकारी समितियों की आमसभा के आयोजन को सुगम बनाने के लिए सदस्यों को व्हाट्सएप एवं ई-मेल से भी सूचित किए जाने तथा आमसभा आयोजित न करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड का प्रावधान प्रस्तावित है। यदि संचालक मंडल सदस्य बिना अनुमति के संचालक मंडल की तीन बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसे निर्योग्य किए जाने का प्रावधान भी प्रस्तावित किया गया है। जिन सोसायटियों को राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त नहीं है, उन्हें रजिस्ट्रार द्वारा जारी सामान्य शर्तों और अधिनियम के प्रावधानों के अधीन रहते हुए वित्तीय व आन्तरिक प्रशासनिक मामलों में स्वायत्तता का प्रावधान भी नवीन अधिनियम में किया गया है।

## तदर्थ समिति गठन के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### जिला ओलम्पिक संघ को यथावत रखने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** सिरोही जिला ओलम्पिक संघ को भंग कर तदर्थ समिति के जरिए नए चुनाव कराए जाने के आदेश पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। न्यायालय के आदेश पर जितेंद्रसिंह चौहान की अध्यक्षता वाला सिरोही जिला ओलम्पिक संघ यथावत कार्य करेगा।

उच्च न्यायालय जोधपुर के इस फैसले से सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और उनके पदाधिकारियों को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने प्रतिवादियों की ओर से 8 सितंबर, 2025 को जारी आदेश पर रोक लगा दी है। इसके तहत एक तदर्थ समिति का गठन करके संघ के चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। इस सम्बंध में न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता ने पक्ष रखा तथा पैरवी करते हुए बताया कि याचिकाकर्ता को 4 मार्च, 2024 को सिरोही जिला ओलम्पिक संघ का अध्यक्ष चुना गया था और इस पद का कार्यकाल चार वर्ष का है। बिना किसी कारण और बिना किसी सूचना के प्रतिवादियों ने 8 सितम्बर, 2025 को एक आदेश जारी किया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष के निर्देशानुसार तीन सदस्यों वाली एक तदर्थ समिति का गठन किया गया है और समिति को उक्त आदेश की तिथि से एक माह की अवधि के भीतर सिरोही जिला ओलम्पिक संघ का चुनाव कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दलील देते हुए बताया कि कार्यकारिणी के चुनाव प्रत्येक चार वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित किए जाएंगे और वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता का कार्यकाल समाप्त नहीं हुआ है। अदालत ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई तक तदर्थ समिति गठन वाले आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट तंवरसिंह ने पैरवी की।

## डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** किसानो के समक्ष आ रही डी ए पी और यूरिया खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खोह के अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर किसानों को रवी की फसल की बुवाई के लिए तत्काल डी ए पी और यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों का कहना है कि रवी की फसल की बुवाई होनी है।लेकिन किसानो को डी ए पी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। डी ए पी और यूरिया खाद की किल्लत को देखते हुए खाद विक्रेता डी ए पी और यूरिया खाद को ब्लैक में मनमानी कीमत पर बेच रहे है। जिससे किसान परेशान है। एक तो खेतों में जलभराव के चलते रवी की फसल की बुवाई पर संकट के बादल छाए हुए है। दूसरी तरफ बुवाई के लिए डीएपी और यूरिया नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानो को साथ में लेकर जल्द आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी । इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुगड़ सिंह जाटव, सिनसिनी सरपंच राजाराम , बंधा के सरपंच राजवीर सिंह, नंदकिशोर बेढम, प्रताप सिंह ,महेंद्र सिंह, रामजीलाल, पुष्पेंद्र सिंह फौजदार, वीरे सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद थे।

## जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने जल संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने सिरोही के समीप सिंदरथ पंचायत समिति में राजपुरा खेड़ा गांव का जायजा लेकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान का निरीक्षण किया। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की ओर से बने एनिकट को देखा तथा पौधरोपण किया। जलग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियंता संजयकुमार दवे ने उन्हें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत सिंदरथ में चल रहे चारागाह विकास व सघन पौधरोपण कार्य का भी अवलोकन करवाया।

जिला परिषद के अधिशासी अभियंता भगवानसिंह राजपुरोहित, जलग्रहण विभाग की कनिष्ठ अभियंता प्राची पूर्बिया आदि मौजूद रहे।

### रघुनाथपुरा के राजकीय विद्यालय में अनुकरणीय पहल

## शिक्षक हडमानाराम ने निजी खर्चे से बांटे छात्र-छात्राओं को फोटोयुक्त आईडी कार्ड

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रघुनाथपुरा में शुक्रवार को एक प्रेरणादायक पहल की गई। विद्यालय के शिक्षक हडमानाराम ने अपने निजी खर्चे से सभी छात्र-छात्राओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रदान किए। इस कार्य से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व की अनुभूति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान हंशराज यादव ने की।

वरिष्ठ शिक्षक उमेश बसवाल ने इस पहल को विद्यालय की गरिमा बढ़ाने वाली बताते हुए कहा कि फोटोयुक्त आईडी कार्ड से विद्यार्थियों की पहचान सशक्त होगी और उनमें अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास होगा। भामाशाह का कार्य कर रहे शिक्षक हडमानाराम ने बताया कि इस कदम से विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को अपनी पहचान प्रस्तुत करने में सुविधा होगी।

इस अवसर पर विद्यालय के कनिष्ठ सहायक गौतम पालिवाल ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "विद्यालय की उन्नति केवल भवनों से नहीं, बल्कि ऐसी नवाचारपूर्ण सोच से होती है जो विद्यार्थियों के हित में हो।"

उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन दोनों को सशक्त करने में मददगार सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान विनोद चौहान, रामसिंह सैनी, रामेश्वर सैनी, पुष्पा यादव, कमलेश, सुरजाराम, दीपक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी इस नवाचार को विद्यालय के कायाकल्प की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम बताया और शिक्षक हडमानाराम के योगदान की प्रशंसा की।

### समाज में एकता, शांति, सद्भावना व भाईचारा ही वास्तविक राम राज्य : ललित गोयल

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ श्री रामलीला का भव्य समापन

बढ़ता राजस्थान



**प्रागपुरा (नि.स.)** । कस्बे के चतुर्भुज मंदिर स्थित रामलीला परिसर में रात्रि श्री आदर्श रामलीला मंडल कमेटी के तत्वावधान में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामलीला का भव्य समापन राज्याभिषेक की पावन लीला के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल छाया रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने भगवान श्रीराम का राजतिलक कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि समाज में आपसी एकता, भाईचारा, प्रेम, शांति और सद्भावना के साथ जीवनयापन करना ही वास्तविक राम राज्य है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर हम एक समरस और सशक्त समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा है, जो नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से जोड़ती है। मिंटू शर्मा, अजय पारीक और अरुण शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम का विधिवत राज्याभिषेक किया गया। इस दौरान भगवान श्रीगणेश, श्रीराम दरबार और श्रीरामायण जी की पूजा-अर्चना के साथ भव्य आरती का आयोजन हुआ। राजतिलक समारोह में अतिथियों ने भगवान श्रीराम को राजमुकुट पहनाया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। मां आशापुरा ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक मन्नालाल सैनी और सुभाष यादव ने कलाकारों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया, जबकि राजेंद्र बराला ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रामलीला कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र सोनी व संरक्षक राधेश्याम जांगिड़, अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, डायरेक्टर अनिल शर्मा, व्यवस्थापक शक्तिसिंह शेखावत ने दशहरा कमेटी के सदस्यों में शामिल राजेश गोयल, अंजनी शर्मा, प्रदीप गोयल, पप्पू स्वामी, इंद्राज जांगिड़ और श्याम सुंदर शर्मा को दुपट्टा और श्रीराम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को जीवंत करती है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि बुराई चाहे कितनी भी प्रबल क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

## जहाजपुर में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म मामले में अभियुक्त विशाल दरोगा को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 62 हजार रुपये जुर्माने की सजा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के संगीन मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी विशाल दरोगा को दोषी ठहराया है। विशिष्ट न्यायाधीश (पॉक्सो-01) बालकृष्ण मिश्र की अदालत ने शुक्रवार को निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 62 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार, प्रार्थिया ने 22 जून 2022 को थाना जहाजपुर में रिपोर्ट दी थी कि उसकी भतीजी घर के नीचे स्थित दुकान पर चाय देने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में पीड़िता को दस्तयाब कर बयान लिए गए। पीड़िता ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसकी पहचान विशाल दरोगा नामक युवक से हुई थी, जो उसे फोन पर बात करता और मिलने के लिए बुलाता था। घटना वाले दिन विशाल ने उसे दो लड़कों के माध्यम से बुलवाया, जिन्होंने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और बाद में विशाल के पास छोड़ दिया। पीड़िता ने बताया कि विशाल उसे दिल्ली ले गया, जहां किराए का कमरा लेकर उसने कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर अनुसंधान पूर्ण करने के बाद अपहरण, बलात्कार और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में चालान पेश किया। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने की। उन्होंने अदालत में 20 गवाहों और 41 दस्तावेजों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। सभी साक्ष्य और बयान सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

इस निर्णय को नाबालिगों के प्रति अपराधों के विरुद्ध एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## स्वच्छता संकल्प अभियान का आगाज



बढ़ता राजस्थान

**भवानी मंडी ( अब्दुल सलीम मंसूरी )।** 10. अक्टूबर 25 को प्रात: 10.00 बजे मेला मैदान भवानीमंडी मे श्रद्धा गोमे ,उपखंड अधिकारी भवानीमंडी द्वारा स्वच्छता संकल्प भवानीमंडी अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, राजकीय कार्मिक, सफाई कार्मिक एवं भवानी मंडी क्षेत्र के अन्य नागरिकगण मेला मैदान में उपस्थित रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य भवानीमंडी क्षेत्र को पॉलीथिन एवं कचरा मुक्त बनाया जाना है जिसके लिए आम जन को समस्त सफाई कार्मिकों एवं कचरा संग्रहण गाड़ियों का समय और मार्ग की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। साथ ही कपड़े के थैलों का वितरण करवाया जाकर आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दिवस को संपूर्ण उपखंड( 189 समस्त शिक्षण संस्थान,राजकीय कार्यालयों, 27 ग्राम पंचायत मुख्यालयों)में स्वच्छता शपथ एवं श्रमदान उत्सव के रूप में मनाया गया।

## भवानीमंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः साइबर फ्रॉड गिरोह के दो और बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भवानी मंडी ( अब्दुल सलीम मंसूरी )।** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना भवानीमंडी ने साइबर फ्रॉड गिरोह के दो और आरोपियों दुर्गेश कुमार व निलेश दर्जी, दोनों निवासी रामगंजमंडी (जिला कोटा ग्रामीण) को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने अपने साथी निखिल के साथ मिलकर राधाकृष्ण ट्रेडिंग कंपनी के नाम से संयुक्त बैंक खाता खुलवाया था, जिसे बेच दिया गया था। इस खाते पर 211 साइबर शिकायतें दर्ज हैं। पहले निखिल सहित तीन आरोपी दिनेश माली, कन्हैयालाल बागरी और राजेश नागर को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी रमेशचंद मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने की। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपियों को दबोचा। भवानीमंडी पुलिस ने बताया कि म्यूल खातों के माध्यम से आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# करवा चौथ पर कपासन में महिलाओं ने निर्जला उपवास के साथ चांद की पूजा-अर्चना कर अपने सुहाग हेतु दीर्घायु जीवन की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र में महिलाओं द्वारा शुक्रवार को विधिवत एवं परंपरानुसार पति-पत्नी के अटूट प्रेम एवं विश्वास के प्रतीक करवा चौथ व्रत को निर्जला उपवास एवं चांद देखकर पूर्ण किया गया ।जिसमें महिलाओं द्वारा अपने सुहाग की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना की गयी।

जानकारी अनुसार कपासन क्षेत्र में पति-पत्नी के अटूट रिश्ते में अपार विश्वास एवं प्रेम के प्रतीक करवा चौथ व्रत को महिलाओं द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया ।जिसमें करवा चौथ व्रत के एक दिवस पूर्व से ही महिलाओं द्वारा करवा चौथ व्रत की तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती है ।यहां करवा चौथ दिवस पर कपासन क्षेत्र के बाजारों में दिनभर एवं देर सायंकाल तक नगर सहित ग्रामीण अंचल के खरीददारों एवं ग्राहकों की रेलमपेल बनी रही।

उल्लेखनीय है कि कपासन क्षेत्र में शुक्रवार को करवा चौथ व्रत के अवसर पर महिलाओं द्वारा हाथों में मेहंदी सजाकर निर्जला उपवास का विधिवत पालन किया गया ।सांयकाल दिन अस्त होने से पूर्व करवे में पानी भरकर उसका मुंह बांधकर चौथ माता के सामने रखा जाता है ।इसके उपरांत महिलाओं द्वारा पारंपरिक आकर्षक परिधानों एवं सोलह श्रृंगार से सज-धज कर चौथ माता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आराधना की जाती है ।जिसमे महिलाओं द्वारा चौथ माता को मेहंदी, चावल,कंकू, लच्छा,फूल-माला,मिष्ठान,लापसी एवं चावल का भोग लगाकर चांद की पूजा-अर्चना की गयी।

इसके बाद महिलाओं ने छाननी में दीपक रखकर चांद देखने के बाद अपने पति को छाननी में देखा ।उसके बाद महिलाओं द्वारा निर्जला उपवास पूर्णकर अपने सुहाग के लिए दीर्घायु एवं परिवार में खुशहाली की कामना की गयी।

## करवा चौथ का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

चौमहला( आबिद हुसैन) । झालावाड़ जिले के चौमहला सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा।शाम को महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा स्थल पर एकत्रित हुईं, जहां उन्होंने करवा माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। रात में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात अर्घ्य देकर पति के हाथो जल ग्रहण कर व्रत खोला।

करवा चौथ का महत्व : करवा चौथ का पर्व भारतीय संस्कृति में सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष स्थान रखता है। यह न केवल पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि इसके धार्मिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलू भी महत्वपूर्ण हैं। व्रत रखने से आत्मसंयम और धैर्य की भावना विकसित होती है, वहीं पारिवारिक संबंधों में भी मजबूती आती है। यह पर्व आस्था और सनातन परंपरा हिस्सा है।

## 36 हॉकी खिलाड़ी मंदसौर से अभ्यास सत्र के बाद भीलवाड़ा लौटे



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा) । विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत एकदिवसीय अभ्यास सत्र के लिए मंदसौर गए 36 हॉकी खिलाड़ी सफलतापूर्वक भीलवाड़ा लौट आए हैं। विधायक अशोक कोठारी के सानिध्य और विवेक निमावत की प्रेरणा से प्रताप नगर स्पोर्ट्स सेंटर और सेवा सदन स्पोर्ट्स सेंटर की टीमों ने मंदसौर स्थित हॉकी टर्फ ग्राउंड पर गहन अभ्यास मैच खेले।

टीम प्रभारी अजीत जैन ने पुष्टि की कि भीलवाड़ा के ये युवा खिलाड़ी एस्ट्रो टर्फ पर अभ्यास करने और मंदसौर की उत्कृष्ट खेल सुविधाओं का लाभ उठाने के बाद उत्साहित और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में टर्फ मैदान न होने के कारण बच्चों को जो व्यावहारिक अनुभव नहीं मिल पा रहा था, वह इस एकदिवसीय सत्र में मिला।

खिलाड़ियों ने टर्फ पर खेलने की बारीकियों को समझा और नए कौशल सीखे, जिससे उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए एक मजबूत आधार मिला है। यह पहल भीलवाड़ा में हॉकी के खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से परिचित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## त्योहारी सीजन में शुद्धता अभियान की उठी मांग मिलावटखोरों पर कार्रवाई और भीलवाड़ा में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की अपील

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** त्योहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ता संगठनों ने जिला प्रशासन से पूरे जिले में व्यापक शुद्धता हेतु अभियान चलाने की मांग की है। उपभोक्ता समिति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि मिठाइयों व खाद्य सामग्री में मिलावट और वजन में घटतौली की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। कई व्यापारी डिब्बों के वजन सहित मिठाइयाँ तोलकर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं।

समिति ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से जिलेभर में छापेमारी कर ऐसे मिलावटखोर और घटतौली करने वाले व्यापारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करे, ताकि आम उपभोक्ताओं को त्योहारी सीजन में राहत मिल सके। समिति ने यह भी कहा कि पिछले 20 वर्षों से भीलवाड़ा में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना की मांग की जा रही है, परंतु आज तक यह व्यवस्था नहीं हो पाई है। समिति सदस्यों ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब शुद्धता के लिए युद्ध जैसा अभियान चलाकर आमजन को मिलावटमुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन द्वारा शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाने की अपेक्षा जताई गई है।

## आरपीएफ जवान बना फ़रिश्ता, प्लेटफॉर्म पर महिला की जान बचाई

### 'ऑपरेशन जीवन रक्षा' के तहत ब्यावर आरपीएफ की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय हृदय विदारक दृश्य देखने को मिला जब एक 60 वर्षीय महिला अनजाने में आती हुई ट्रेन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई। यह संभव हुआ आरपीएफ ब्यावर अपराध रोकथाम टीम की सतर्कता और तत्परता के कारण ज्योति कुमार सतीजा, महानिरीक्षक (रेसुब) उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर तथा दीपक कुमार आजाद, मंडल सुरक्षा आयुक्त अजमेर के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन जीवन रक्षा अभियान के तहत यह घटना घटित हुई ।निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल अश्विनी कुमार अपराध रोकथाम ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह करीब 11.48 बजे प्लेटफ़ॉर्म नंबर 2 पर गश्त के दौरान अश्विनी कुमार ने देखा कि एक महिला प्लेटफ़ॉर्म नंबर 1 से भागती हुई प्लेटफ़ॉर्म नंबर 2 की ओर जा रही थी, उसी समय गाड़ी संख्या 14801 (जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस) प्लेटफ़ॉर्म में प्रवेश कर रही थी ।कांस्टेबल अश्विनी कुमार ने तत्काल दौड़कर महिला को पकड़ लिया और उसकी जान बचाई। महिला, घबराहट में कांस्टेबल से खुद को छुड़ाने की कोशिश कर रही थी और कह रही थी कि उसे गांधीनगर जयपुर जाना है, जबकि ट्रेन इंदौर के लिए थी। अश्विनी कुमार ने दृढ़ता दिखाते हुए महिला को रोककर एक बड़ा हादसा टाल दिया।

महिला की पहचान हेमलता पत्नी जय सिंह दगदी (60 वर्ष), निवासी कृष्णा कॉलोनी, रामदेव मंदिर के पास, ब्यावर के रूप में हुई। बाद में उनके पति जय सिंह को सूचना दी गई, जो तुरंत पोस्ट पर पहुंचे। उन्होंने भावुक होकर कहा आरपीएफ ने आज मेरी पत्नी को दूसरा जन्म दिया है। आरपीएफ की इस मानवीय और साहसिक कार्रवाई की सभी ने सराहना की ।इस मौके पर स्टेशन स्टाफ और यात्रियों ने भी जवान अश्विनी कुमार की बहादुरी को सलाम किया जहां सतर्कता बन गई जीवन रक्षा वहीं इंसानियत ने जीत ली मौत पर बाज़ी।

# जिला स्तरीय विज्ञान मेले का समापन, नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा ने बाँधी सबकी निगाहें

### आरपीएससी सदस्य डॉ. कलवार बोले- विज्ञान सोचने और समझने की शक्ति देता है

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेला का भव्य समापन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ. अशोक कलवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ निवर्तमान प्रधान पंचायत समिति जवाजा गणपत सिंह रावत, सीबीईओ पीसांगन वीणा अग्रावत, सीबीईओ मसूदा लोकेश नागला, सीबीईओ रायपुर नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य एस.एन. वैष्णव कॉलेज प्रो. धीरज पारीक, तथा राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

**पूर्व छात्र डॉ. कलवार की भावनात्मक वापसी** - डॉ. अशोक कलवार, जो पटेल विद्यालय के पूर्व छात्र हैं, अपने बचपन के विद्यालय में लौटकर भावुक हो उठे। उन्होंने मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल्स को बारीकी से देखा और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा विज्ञान केवल प्रयोग नहीं, बल्कि सोचने की शक्ति है। यह हमारे समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा साधन है। विद्यालय परिवार ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

समस्त कार्यक्रम का संचालन मुकेश प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विजेता छात्राओं को मिला सम्मान

मेला संयोजक रोहित जैन ने बताया कि विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

सेमिनार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना सिंह चारण (बांगड़ पब्लिक स्कूल, रास),द्वितीय स्थान यासमीन (महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कृषि मंडी, विजयनगर), तृतीय स्थान भूमिका राठौड़ (पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय, जैतारण) ने प्राप्त किया।

मेले में जिलेभर के युवा वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य नवाचार और आधुनिक तकनीकी विषयों पर अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य नीता व्यास, विनीता बंसल, सुनीता चौधरी, कीर्ति माला अग्रवाल, मनीषा पारीक, महेंद्र सांखला, निरंजन देव मिश्रा, मदन सिंह चौहान, पुनीत सोनी, सौरभ धाभाई, मुकेश प्रजापति, प्रियंका गोयल, सपना त्रिपाठी, ज्योति शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### दृढ़ संकल्प और जोश से भरा खेल मैदान, उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ा जिले का मान

# जैतगढ़ की बेटियों का तीसरे दिन भी एथलेटिक्स में जलवा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय, देलवाड़ा रोड में जारी जिला स्तरीय 69वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 के तीसरे दिन खेल मैदान उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने बताया कि छात्राओं ने पूरे जोश और लगन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया ।17 वर्षीय छात्रा वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में जैतगढ़ की मनसा गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि रतनपुरा भादसी स्कूल की सुनीता ने रजत और रेखा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 400 मीटर रिले में जैतगढ़ टीम ने विजय हासिल की और रतनपुरा भादसी टीम द्वितीय रही।

19 वर्षीय छात्रा वर्ग की ऊंची कूद में चेतना गहलोत प्रथम व पूजा गुर्जर द्वितीय रहीं। जैवलिन थ्रो में झरडू का खेड़ा की समता कुमारी गुर्जर ने सर्वोच्च प्रदर्शन किया, जबकि 400 मीटर हर्डल्स में जैतगढ़ की पूजा गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान खींचा ।तीसरे दिन का परिणाम पूरी तरह जैतगढ़ की बेटियों के नाम रहा, जिन्होंने लगभग हर स्पर्धा में अपना वर्चस्व कायम रखा। प्रतियोगिता संचालन में जिला खेल प्रभारी गोविंद लाल सेनी , उपप्रधानाचार्य ओम प्रकाश कुमावत, राज राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।मैदान संचालन में गौरव तपस्वी व मुरली मनोहर का योगदान उल्लेखनीय रहा।

कार्यक्रम की सफलता में पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति, परमेश्वर सिंह, गरिमा रावत, प्रीति परिहार सहित निर्णायक मंडल के पुखराज सांखला, हरिप्रकाश गौड़, कमल कुमार भाटी, कप्तान खान व चेतनराम सिंह शेखावत का सहयोग सराहनीय रहा।

## विधायक के मुख्य आतिथ्य में कपासन के तुर्कीयाखुर्द ग्राम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** ग्राम पंचायत स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का क्षैत्र के तुर्कीयाखुर्द मेवशुक्रवार को विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,दशरथ सिंह,भाजयुमो नेता हरिशंकर सुखवाल आदि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया ।इस दौरान उपस्थित वक्ताओं द्वारा खिलाड़ी वर्ग से खेल को खेल की भावना से खेलते हुवे उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया।

सांसद खेल महोत्सव के तुर्कियाखुर्द प्रभारी मुकेश साहू ने बताया कि पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के ग्राम तुर्कियाखुर्द में आयोजित खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, रस्साकस्सी, वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

उक्त ग्राम पंचायत स्तरीय खिलाड़ी वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया ।जिसमे कबड्डी प्रतियोगिता में चतरभुजपूरा, वॉलीबॉल में तुर्कीयाखुर्द तथा रस्साकस्सी में स्थानीय राजकीय विद्यालय तुर्कीयाखुर्द की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही।

इधर राजकीय विद्यालय तुर्कीयाखुर्द की प्रधानाचार्य अर्चना दाधीच ने बताया कि इस ग्राम पंचायत स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में क्षेत्रीय ग्राम पंचायत के तुर्कीयाखुर्द,तुर्कीयाकलां,लाखों का खेड़ा एवं चतरभुजपूरा ग्राम क्षेत्र के खिलाड़ी वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेते हुवे प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया।

## जिला कलक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा दल की छापामार कार्यवाही




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों की अब खैर नहीं। खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने अगम फूड प्रोडक्ट्स मनिया पर मध्य रात्रि को छापामार कार्रवाई करते हुए मिल्क केक, बर्फी, एक नमूना सूजी, एक नमूना स्कीम मिल्क पाउडर, एक नमूना बर्फी का लिया साथ ही 3 हजार 500 किलोग्राम स्कीम मिल्क पाउडर तथा 750 किलोग्राम सूजी को जप्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु रखवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी।

फर्म को धारा 32 के तहत नोटिस भी दिया जा रहा है। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तादी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान दीपावली तक लगातार संचालित किया जाएगा। मिलावटखोरों के विरुद्ध खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, विनियम 2011 के तहत कार्यवाही, निरीक्षण, नमूनीकरण, सर्विलेंस, जब्ती, नष्टीकरण का कार्य सतत रुप से किया जा रहा है।

## सरवाड़ थाना अधिकारी गिरिराज कुमार के नेतृत्व में सरवाड़ शहर मे निकला फ्लैग मार्च



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के सरवाड़ थाना अधिकारी गिरिराज कुमार के नेतृत्व में सरवाड़ शहर मे फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लेग मार्च में पुलिसकर्मीयों और आर एस सी के जवानो ने भाग लिया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता और भाई चारा को बढ़ावा देना। थाना अधिकारी गिरिराज कुमार ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि फ्लेग मार्च सदर बाजार,दरगाह बाजार, अंसारी मोहल्ला, नाथ मोहल्ला, के होते हुए बस स्टैंड तक फ्लेग मार्च निकाला गया। शहर मे फ्लेग मार्च निकाल कर लोगो को यह संदेश देना था की आगामी त्यौहारों को लेकर लोग शांतिपूर्ण तरीके से और आपसी भाईचारे और अपने परिवारों के सदस्यों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाये।ताकि आपसी भाईचारा बना रहे किसी भी प्रकार किसी कोई अप्रिय घटना घटित ना हो। इस दौरान केकड़ी डिप्टी हर्षित शर्मा भी मौजूद रहे।

## भिनाय में अतिवृष्टि के चलते एक के बाद एक मकानों में दरारें आने का सिलशिला जारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** भिनाय कस्बे में इस बरसात के मौसम में हुई अतिवृष्टि के चलते एक के बाद एक मकानों में दरारें आने का शिलशिला जारी है। अब तक कस्बे सहित आस पास के गांवों में सैंकड़ों मकानों में दरारें आने के चलते लोगों में दहशत का माहौल है। कस्बे के खटीक मौहल्ला, महावीर बाजार, आचार्य मोहल्ला, भैरू गेट, जुलाहा मोहल्ला, पठान मोहल्ला, रैण गेट, जोशी मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला सहित कई क्षैत्रो में एक के बाद एक मकानों में दरारें आने की जानकारी मिली है। कई लोग अपने मकानों में आई दरारों की मरम्मत कार्य करवाने में जुटे हैं। कस्बे के खटीक मोहल्ला निवासी शिशुपाल खटीक ने बताया कि उसके मकान के सभी कमरों में दरारें आ गई है। जोशी मोहल्ला निवासी महेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि उनके मकान सहित मोहल्ले के अधिकांश मकानों में दरारें आ रही है। भिनाय उपखंड क्षेत्र के ग्राम रूपपुरा निवासी कालूराम मेघवंशी ने बताया कि अतिवृष्टि से उनके मकान में दरारें आ गई है। कस्बे सहित क्षेत्र में दहशत के चलते लोग कारीगर लगा कर मरम्मत करवा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से घर घर सर्वे करवा कर पीडित्त लोगों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## श्रीनाथजी मंदिर में अन्नकूट की सेवा आज से, घनसेवा के साथ अन्नकूट भोग सामग्री बनना शुरू



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (नि.स.)।** विश्व प्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में दीपावली पर्व के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ आज से शुरू हो गई हैं। इस क्रम में शुक्रवार को मंदिर परिसर में 'अन्नकूट घन सेवा' का शुभारंभ पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार किया गया। सेवा का प्रारंभ गोस्वामी तिलकायत इंद्रदमन महाराज और गोस्वामी विशाल बावा के निर्देशानुसार किया गया।अन्नकूट सेवा के मुखिया प्रवीण साचिहर व प्रचारक रमेश साचिहर के मार्गदर्शन में मंदिर के पंड्या परेश नागर और नीलेश साचिहर ने सभी सेवा कर्मों की व्यवस्था पुष्टि रिति के अनुसार संपन्न करवाई। इस अवसर पर सेवा क्रम में हरी वल्लभ ओदिच, किशन पालीवाल, मोहन पुरोहित, मधुसूदन पुरोहित, कैलाश पालीवाल, अरुण, रवि, मानस, नरेन्द्र पालीवाल, हेमन्त, यश, हिमांशु जोशी, कल्पित जोशी, पपन, ललित, योगेश दवे, गिराज, राजू सहित सेवकगण उपस्थित रहे।घन सेवा पूर्ण होने के बाद सभी सेवकगण अपने अपने टोल कहत ब्रजवासिया भजन गाते हुए श्रीनाथजी मंदिर की परिक्रमा में शामिल हुए। मंदिर प्रशासन के अनुसार अन्नकूट सेवा के तहत 14 अक्टूबर को भट्टी पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिससे मुख्य रसोई की सेवाएं विधिवत आरंभ होंगी।

## भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा मसूदा क्षेत्र के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर के सेमला (नाडी) कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित कार्यकम में शिरकत की । जिला परिषद मद से स्वीकृत झालरा ओर भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान अजमेर के मसूदा विधानसभा मैं पंचायत समिति उप प्रधान अफसाना बानो, प्रधान प्रतिनिधि शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़, सरपंच मुल्तान काठात, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उदाराम गोदारा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 43 प्रकरणों का निस्तारण

# अजमेर की ग्राम पंचायत पड़ांगा एवं लामगरा में हुआ ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत पड़ांगा एवं लामगरा में 'दिनांक 10.10.2025 शनिवार को ग्राम पंचायत पड़ांगा एवं लामगरा में ''ग्रामीण सेवा शिविर'' का आयोजन किया गया।

शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 43 प्रकरण, धारा 136 के तहत शुद्धीकरण के 49 प्रकरण, आपसी सहमति से बटवारां के 05 प्रकरण, नामान्तकरण के 27 प्रकरण सहित राजस्व विभाग के विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 63 पट्टे वितरित किये गये, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 03 स्वीकृतियां जारी की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 02 निक्षय मित्र बनाये गये ।



पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 97 पशुओं का बीमा किया गया। उर्जा विभाग द्वारा 44 विद्युत समस्याओं का निपटारा किया गया।

कृषि विभाग द्वारा 50 बीज मिनी किट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 43 पॉलीसी वितरित की गई। आयोजना विभाग द्वारा जनधन योजना के निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा एन.एफ.एस.ए के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के एवं पालनहार योजना में पालनहार नवीनीकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 20 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

उक्त शिविर में विधायक महोदय वीरेन्द्र कानावत, शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी भिनाय, भिनाय पंचायत समिति प्रधान श्री सम्पतराज लोढा, सहायक शिविर लामगरा अर्जून सिंह, सहायक शिविर प्रभारी पड़ांगा नीलम राठौड़ तथा अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहैं।

उपखण्ड अधिकारी भिनाय ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगणों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल से प्राप्त प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में ''ग्रामीण सेवा शिविर'' का लाभ उठाने का आग्रह किया। शिविर प्रभारी ने बताया कि आगामी ग्राम पचांयतों मे आयोजित मुख्य शिविर से 02 दिवस पूर्व प्री केम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका लाभ उठावें एवं आगामी शिविर दिनांक 11.10.2025 को ग्राम पंचायत कनेईकलां व बडग़ांव में आयोजन किया जायेगा।

## महिलाओं ने पुलिस थाने का घेराव कर पथराव किया: वर्दी फाड़ी, कई महिलाएं हिरासत में

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के सैंपऊ पुलिस थाने पर गुरुवार को एक आरोपी को छुड़ाने पहुंची महिलाओं ने हंगामा किया। उन्होंने थाने का घेराव कर पथराव किया, पुलिसकर्मियों से हाथापाई की और उनकी वर्दी फाड़ दी। यह घटना करीब आधे घंटे तक चली।

महिलाओं ने थाने के सरकारी रिकॉर्ड फाड़ दिए और कुर्सियां तोड़ डालीं। उन्होंने थाने के कक्ष में बंद आरोपी को छुड़ाने के लिए पत्थर और ईंटों से गेट तोडऩे का भी प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ अनूप कुमार यादव को सूचना दी गई।

सीओ अनूप कुमार यादव मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने इस मामले में कई महिलाओं और युवकों को हिरासत में लिया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सैंपऊ थाना पुलिस इलाके के तसीमों गांव में एक अपराधी को पकडऩे गई थी। मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने अपराधी को पकड़ लिया था, लेकिन तभी बड़ी संख्या में महिला और पुरुष इकट्ठा हो गए और आरोपी को पुलिस के चंगुल से छुड़ा लिया। आरोपी के भाग जाने के बाद, पुलिस ने उसे छुड़ाने में सहयोग करने वाले एक युवक को पकड़



लिया। पुलिस जब इस सहयोगी आरोपी को थाने ला रही थी, तो ग्रामीणों ने रास्ता रोकने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस किसी तरह आरोपी को थाने तक लाने में सफल रही। इसके बाद ही बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे और घेराव कर हंगामा किया।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए पुलिसकर्मी निभाएं गेटकीपर की भूमिका - डॉ.मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला में आरएसी लाइन में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इस अवसर सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है। आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में तनाव, अवसाद और मानसिक दबाव आम होते जा रहे हैं, ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना और समय-समय पर संवाद एवं परामर्श के माध्यम से मन की बात साझा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे अपने साथियों का मनोबल बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सुमित मित्तल ने भी तनाव प्रबंधन, योग, ध्यान और आत्मसंवाद के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को दूर करते हुए समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की जरूरत पर बल दिया गया।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को खुद में भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इंटेलिजेंस) विकसित करने के बारे में बताया जिसमें यदि व्यक्ति खुद की भावनाओं को पहचाने एवं नियंत्रण करना, दूसरे की भावनाओं को समझ कर तनावपूर्ण परिस्थितियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक असर पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या रोकने में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला जिसमें बताया कि हर एक पुलिसकर्मी गेटकीपर की तरह आत्महत्या के खतरे के निशान को पहचान कर तत्काल मदद उपलब्ध करवा सकता है।

## विद्या संबल योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (नि.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विद्या संबल योजना के अंतर्गत जिले में संचालित राजकीय अंबेडकर एवं सावित्रीबाई फुले छात्रावासों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों के अध्ययन में शैक्षणिक सहायता हेतु विशेषज्ञ गेस्ट फैकल्टी के रूप में अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस योजना के तहत ग्रेड-द्व एवं द्वद्व योग्यता रखने वाले अनुभवी विषय विशेषज्ञ आवेदन कर सकते हैं। बालिका छात्रावासों में केवल महिला अभ्यर्थियों को ही नियुक्त किया जाएगा। छात्रावासों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी में से किसी एक कठिन विषय के विशेषज्ञ को गेस्ट फैकल्टी के रूप में चयनित किया जाएगा, जिन्हें सभी विषय पढ़ाने होंगेराजसमन्द जिले में यह छात्रावास कन्या छात्रावास कांकरोली एवं देवगढ़ तथा बालक छात्रावास आमेट, भीम, देवगढ़, नाथद्वारा, खमनौर, केलवाड़ा, गिलुण्ड, रेलमगरा, कुरज, पीपली आचार्यान एवं धोईन्दा, राजसमन्द में संचालित किए जा रहे हैं। यह व्यवस्था केवल शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ही प्रभावी रहेगी।

विस्तृत दिशा-निर्देशों का अवलोकन विभाग के जिला कार्यालय एवं ब्लॉक कार्यालय में किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र 15 अक्टूबर को अपराह्न 4.00 बजे तक संबंधित ब्लॉक कार्यालय (जो वर्तमान में छात्रावास स्थित है) या जिला कार्यालय, राजसमन्द में जमा करवा सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## आमेट में 2095 लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ: शिविर सेवा अभियान 2025 के तहत नगर पालिका ने किया सराहनीय कार्य

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (नि.स.)।** नगर पालिका आमेट द्वारा आयोजित शिविर सेवा अभियान 2025 के तहत अब तक 2095 लाभार्थियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। यह अभियान नगर पालिका परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है।नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शंकर लाल रैगर ने बताया कि यह अभियान राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है। इसके माध्यम से आमजन तक जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, खराब नल, हैंडपंप लीकेज, पालनहार योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनसीडी स्क्रीनिंग और विद्युत संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।अभियान के दौरान नगरपालिका, जलदाय




विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, समेकित बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, और विद्युत विभाग सहित कई विभागों ने सहयोग किया। मौके पर ही प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते हुए 118 लाभार्थियों को तुरंत लाभ प्रदान किया गया।17 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चले इस अभियान के दौरान नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण जैसे जनहितकारी कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। यह शिविर कार्यक्रम वार्डवार आयोजित किए जा रहे हैं और 17 अक्टूबर तक जारी रहेंगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

# मामूली विवाद में दो पक्षों में झगड़ा, घटना में 09 लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की छीतर पुरा कॉलोनी में गुरुवार की देर रात आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के घरों पर जमकर पथराव किया और लाठी,डंडा एवं फरसों से हमला किया। घटना में दोनों पक्षों के 09 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के घायलों को सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में भर्ती मुश्ताक पक्ष के सलमान ने बताया कि उनके भाई अयान



को दूसरे पक्ष के लोगों ने पकड़ लिया और मारपीट करने लगे। जब उसने बचाने का प्रयास किया तो उसकी भी मारपीट की। बाद में घर में घुसकर हमला किया है। जिसमें सलमान,अयान एवं इक्सान पुत्र मुस्ताक और साबिर पुत्र बदर खां घायल हुए हैं।

हमले में घायल दूसरे पक्ष के जाहिद ने बताया कि गुरुवार की रात 09 बजे की बात है। सभी लोग घर पर बैठे हुए थे। घर के बाहर पड़ोसी मुश्ताक के लडक़े दारू पीकर गाली- गलौज कर रहे थे। जब उनके बेटे समीर ने जाकर समझाया और गालियां देने से मना किया तो आरोपी झगड़े पर उतर आए और घर मे घुसकर हमला किया जिसमें उनके तीन पुत्र समीर,साबिर,शाकिर के साथ खुद जाहिद और पड़ोसी पप्पू घायल हुए हैं। पड़ोसियों के बीच आपसी झगड़े की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार चल रहा है।

घटना को लेकर कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया की दोनों पक्षों में छोटी-मोटी कहासुनी के चलते झगड़ा हुआ है। जो घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पहली बार दीवाली पर स्कूलों में लाइटिंग, अभिभावकों की मदद से मनाएंगे दीपोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** प्रदेश के सरकारी स्कूल इस दीवाली पर रोशनी से जगमग होंगे। वहां दीपक भी जलाए जाएंगें। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज तक दीवाली पर सरकारी स्कूलों में रोशनी या दीपदान नहीं होता था। जबकि स्कूलों से बच्चों का और उनके अभिभावकों को सीधा जुड़ाव होता है। ग्रामीण इलाकों में तो ये जुड़ाव और ज्यादा रहता है। सरस्वती देवी स्कूलों में विराजती है। ऐसे में इस बार पहल की गई है कि सरकारी स्कूलों के भवन इस दीवाली अंधेरे में न रहे। इस दीवाली स्कूलों के भवन चमक दमक के साथ त्योहार के गवाह बनेंगे। मदन दिलावर ने बताया कि प्रदेश के 65 हजार सरकारी स्कूलों में सौंदर्यीकरण और कायाकल्प अभियान शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है।

17 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में रंग रोगन, सौदर्यीकरण करवाया जाएगा ताकि स्कूलों के भवन आकर्षक लगे। स्कूलों में जहां भी मरम्मत की जरूरत है उन मरम्मत के कामों को पूरा कर स्कूलों के पेंटिंग करवाई जाए। इसके बाद 18 अक्टूबर से दीवाली तक स्कूलों में रोशनी की व्यवस्था के निर्देश भी दे दिए गए हैं। इसके तहत स्कूलों में भारत निर्मित लाइटिंग की जाएगी ताकि दीवाली तक सरकारी स्कूलों के भवन अंधेरे में न रहे और उज्जवल होते रहे।

दीवाली पर यह भी प्रयास है कि स्थानीय शिक्षक, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स शाम के समय स्कूल में दीया जलाएं ताकि दीपक की रोशनी से स्कूल भवन जगमग हो सके। यह प्रयास स्कूलों से बच्चों और उनके अभिभावकों में अपना पन बढ़ाने को लेकर किया जा रहा है। इसके लिए पंद्रह हजार से लेकर दो लाख रूपए तक की राशि स्कूल खर्च कर सकेंगे जो कि स्कूल के विद्यार्थी विकास कोष से लिए जा सकते है। खर्चे की मॉनिटरिंग के लिए भी टीमों को निर्देश दिए गए हैं।

**स्कूलों भवनों के कलर एक जैसे होंगे :** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल अब दो एक जैसे कलर में होंगे। यानी प्रदेश के प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्कूलों का एक जैसा कलर होगा तो वहीं माध्यमिक स्कूलों का कलर एक जैसा होगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्कूलों के लिए अंदर की दीवारों को ऑफ व्हाइट और जूट कलर, सिलिंग का सफेद कलर, दरवाजे और खिड़कियों का नट ब्राउन और जालियों का ओरिएंटल ब्लू कलर होगा।वहीं बाहर की दीवारों पर ऑफ व्हाइट लाइट कोरल रूम और रॉ जूट डार्क कॉपर कलर होगा। वहीं माध्यमिक स्कूलों में भी स्कूल भवन के कलर एक जैसे रहेंगे वहीं बाहर की दीवारों पर कोरल बीच लाइट कलर रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में एक समरूपता नजर आए इसके लिए एक जैसे कलर करवाए जा रहे हैं। इन कामों की रोज मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी।मदन दिलावर ने बताया कि जल्द ही प्रदेश के सभी स्कूलों में एक जैसा ड्रेसकोड लागू करने पर काम कर रहे है। ड्रेसकोड में स्कूलों की यूनिफॉर्म का रंग एक जैसा होगा।

## ग्राम चौपाल : ऊर्जा मंत्री नागर ने बच्चों और टीचरों से किया संवाद



बढ़ता राजस्थान

कोटा/देवली। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को देवली क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ग्राम उमरहेड़ी में बच्चों और ग्रामीणों की शिकायत पर मंत्री नागर स्कूल पहुंचे। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी और गणित के प्रश्न पूछे। उत्तर न मिलने पर टीचरों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया और कहा, यदि बच्चों पर ध्यान नहीं दिया, तो उनका और अपने बच्चों का भविष्य अधूरा रहेगा। मेहनत और ईमानदारी ही सफलता की कुंजी है।टीचरों के अनुचित मोबाइल उपयोग पर मंत्री ने तुरंत कार्रवाई की। टीचर ने गलती सुधारने का वचन दिया। मंत्री ने ग्राम शमशान की घटिया बाउंड्रीवाल देखी और सुधार व रिकवरी के निर्देश दिए। शनिवार को मंत्री नागर कनवास क्षेत्र के कई गांवों का दौरा करेंगे।

## अंता विधानसभा उपचुनाव में जनता के हित में नया निर्णय, नई क्रांति की शुरुआत अन्नपूर्णा नगरी से

बढ़ता राजस्थान



**कोटा /बारां(विनोद गौड़)।** हाड़ौती क्षेत्र के कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन और समाजसेवी वर्ग ने अंता विधानसभा उपचुनाव में डॉ. दुर्गा शंकर सैनी को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि जनता के हित में अब समय आ गया है कि एक ईमानदार, सुशिक्षित, समाजसेवी और लोकप्रिय चेहरा जनता के बीच से विधानसभा तक पहुंचे। डॉ. सैनी न केवल चिकित्सा समुदाय में बल्कि पूरे राजस्थान में अपनी जनसेवा और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाते हैं। विधानसभा का सबसे बड़ा वोटर भाजपा का समर्थक रहा है। स्थानीय नेताओं का भी मानना है कि सबसे ज्यादा संख्या में सैनी समाज के वोटर और डॉक्टर दुर्गाशंकर सैनी की गांधीवादी छवि के चलते भाजपा को सीट निकालने में आसानी होगी। वहीं सैनी भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय मदनलाल सैनी के दामाद हैं, और समाज के हर वर्ग में उनकी साख मजबूत है।समर्थकों का मानना है कि अंता से नई शुरुआत होगी, जो राजनीति में नई सोच और नई ऊंचाई लाएगी। वही दुर्गा शंकर सैनी ने भी अपनी द्विन्त्री जताते हुए एक संदेश जारी किया है अब आम जनता ही होगी विधायक। जिसे लगता है कि दुर्गा शंकर सैनी आम जनता के विधायक प्रतिनिधि के रूप में अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं।

# डग में हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** पुलिस अधीक्षक झालावाड़ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस थाना डग की टीम ने कस्बा डग में 7 अक्टूबर 2025 को हुई चाकूबाजी की घटना में हत्या का प्रयास करने वाले तीनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना के संबंध में भवानीमंडी निवासी अजय शर्मा पुत्र संजय शर्मा, जाति ब्राह्मण, उम्र 20 वर्ष, निवासी टोड़ी मोहल्ला डग ने सीएचसी डग पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 अक्टूबर 2025 की रात करीब 10 बजे उसके अंकल सुनील शर्मा पुत्र शिवलाल ब्राह्मण और राहुल राठौड़ नूरानी मस्जिद के सामने आशीष की दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान ताहिर खां उर्फ राजा पुत्र बबलू खां, सोहेल खां पुत्र शरीफ खां और साहिल खां उर्फ भूरू पुत्र हमीद तीनों निवासी मेहंदीपुरा मोहल्ला डग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।सुनील शर्मा द्वारा गालियां देने से मना करने पर तीनों ने उन्हें रोक लिया और ताहिर खां उर्फ राजा ने अपने पास से चाकू निकालकर सुनील शर्मा के पेट में वार कर दिया। प्रकरण पर थाना डग में धारा 118(1), 109, 126(2), 352, 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता और दो समुदायों के बीच तनाव की संभावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ चिरंजीलाल मीणा और वृत्ताधिकारी गंगधार जयप्रकाश अटल (पुलिस उप अधीक्षक) के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी डग भंवर सिंह (निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित टीम ने 8 अक्टूबर 2025 को तीनों आरोपियों ताहिर खां उर्फ राजा (23 वर्ष), साहिल खां उर्फ भूरू (24 वर्ष), सोहेल खां (20 वर्ष) सभी निवासी मेहंदीपुरा मोहल्ला, थाना डग, जिला झालावाड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर लिया जा रहा है ताकि आगे की जांच में वारदात के कारण और प्रयुक्त हथियार बरामद किए जा सकें।

# कर्ज-फसल खराबे से परेशान किसान की आत्महत्या सरकार के लिए शर्मनाक : दुबे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने कोटा जिले के इटावा कस्बे में अतिवृष्टि से फसल खराब होने और कजर् के बोझ से परेशान किसान जगदीश प्रजापति द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। दुबे ने कहा कि कर्ज और फसल खराबे से परेशान किसान की आत्महत्या बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है। उन्होंने पीडि़त किसान परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवज़ा देने की मांग की।

दुबे ने कहा कि किसान तब आत्महत्या करता है जब सरकार पर से उसका भरोसा उठ जाता है। एक तरफ कर्ज का संकट, दूसरी तरफ खाद की कमी, और ऊपर से मौसम की मार सब मिलकर किसानों के लिए घोर संकट बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से खेत उजड़ गए, फसलें बर्बाद हो गईं और सरकार अब भी कुंभकर्णी नींद में सोई है। न सर्वे हो रहा है, न राहत, न समर्थन मूल्य पर खरीदी। दुबे ने सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर किसानों को मुआवज़ा दिया जाए और एक विशेष आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा की जाए।

## जनसुरक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया, महिला कांस्टेबल ज्ञानेश और रानी नागर को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

बूंदी( अनन्त दाधीच )। पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में तैनात महिला कांस्टेबल ज्ञानेश और रानी नागर को उनके प्रशंसनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी, राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 01.09.2025 को आजाद पार्क, बूंदी के पास अचानक बिजली का खंभा गिर गया था, जिससे क्षेत्र में करंट फैलने और बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बन गई थी। मौके पर गश्त कर रहीं महिला कांस्टेबल ज्ञानेश और रानी नागर ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांपा। उन्होंने बिना किसी देरी के पीसीआर और विद्युत विभाग को तत्काल सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करवाई। साथ ही, उन्होंने ट्रैफिक को तुरंत डायवर्ट कर लोगों और वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।महिला कांस्टेबलों की इस सूझबूझ, त्वरित निर्णय क्षमता और जनसुरक्षा के प्रति समर्पण से एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया। बूंदी पुलिस ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए दोनों महिला कांस्टेबलों की सराहना की।

## कोटा पुलिस ने सवा साल से फरार वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा शहर थाना कुन्हाडी क्षेत्र में 06 जून 2024 को हुई मारपीट की गंभीर घटना में फरियादी महिला और उनकी मां को डंडों से चोटें आई थीं। आरोपी सुर्या बावरी टोप 10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था और सवा साल से फरार था। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौत्तम के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी और थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आस-पास के सभी सीसीटीवी फुटेज की जाँच की और गवाहों के बयान जुटाए। लगातार दबिश और पतारसी के बाद 9 अक्टूबर को सुर्या बावरी को गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपी जयराम और चन्दन बावरी की तलाश जारी है।

## प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी डॉ. मन्नान खान का कोटा एवं झालावाड़ दौरा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, झालावाड(का.स.)।** राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेश अध्यक्ष (कार्यकारी) डॉ. अब्दुल मन्नान खान के हाड़ौती प्रवास के दौरान कोटा और झालावाड़ में उनका जगह-जगह स्वागत-सत्कार किया गया। दौरे की शुरुआत कोटा में अलनिया माताजी परिसर स्थित स्काउट गाइड कैंप में हुई, जहां यज्ञ दत्त हाड़ा और उनकी टीम ने उनका अभिनंदन किया। झालावाड़ पहुंचने पर लेडी अनसुईया कॉलेज में संस्थापक मुश्ताक बाबू ने स्वागत किया और बाद में अमीन पठान साहब से मुलाकात हुई। इसके बाद झालावाड़ में जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर रमेश चंद्र नागर, यज्ञ दत्त हाड़ा, कैप्टन धारा सिंह, डॉ. खालिद शेख सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर्स की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों से तत्काल समाधान के लिए चर्चा की गई।

## यात्रियों की सुविधा व स्वच्छता को लेकर कोटा मंडल में औचक निरीक्षण, बिना टिकट यात्रियों से 22,825 वसूले

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने यात्रियों की सुविधा, टिकट जांच व्यवस्था और खानपान सेवाओं की गुणवत्ता का औचक निरीक्षण किया।

सौरभ जैन ने गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस में कोटा से सवाई माधोपुर तक यात्रा करते हुए टिकट जांच दल के साथ 36 बिना टिकट यात्रियों से ?15,795 की राशि वसूली। सवाई माधोपुर स्टेशन पर उन्होंने खानपान स्टॉल, फूड प्लाज़ा, पे-एंड-यूज़ शौचालय और पार्किंग क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वच्छता व खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में गाड़ी संख्या 22983 कोटा-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस में कोटा से रुठियाई तक निरीक्षण में 20 बिना टिकट यात्री पकड़े गए, जिनसे ?7,030 वसूले गए। सौरभ जैन ने यात्रियों से मान्य टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की और कहा कि कोटा मंडल में टिकट जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

## करवा चौथ व्रत का संकल्प पूरा

# चंद्र को दिया अर्ध्य, पति के हाथ पिया अमृत जल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद कुमार गौड़)**। भारतीय महिलाओं के मानस में पति परमेश्वर व अमर सुहाग की धार्मिक आस्था को बलवती करता त्योहार,करवा चौथ व्रत संपन्न हुआ। शाम के समय सज धज कर पूर्ण सोलह श्रृगार में श्रृंगारित महिलाएं चंद्रदेव को एक टक देखने के लिए छतो पर पहुंच गई । माता चौथ का पूजन करके विधि विधान पूर्वक व्रत का संकल्प पूरा किया गया। व्रत की तैयारी में एक रात पहले से ही निर्जल रहकर महिलाओं ने व्रत धारण किया प्रातः सुबह जल्दी उठकर स्नान कर माता चौथ का अवाह्न करते हुए व्रत प्रारंभ किया दिन भर निर्जल व निराहार रहकर माता की भक्ति में व्रत रहते हुए महिलाओं ने, हाथों में मेहंदी लगाई घर के पूजा स्थलों को सजाकर देवी का मनन किया। दिन में ही मीठे व मैदा से बने पापडी जिन्हे खाजे कहा जाता है तैयार किए गए।

कुम्हार के घर से लाये गए मिट्टी के करवों को पूजन विधि करके पुष्पों से सजाकर शुद्ध जल भरा गया।

सुहागन किससे धापी,
पानी पीने वाली रहती है पानी से धापी सुहाग से नहीं

शाम के समय घर की चो पर एकत्रित हुई सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से पूजा संपन्न करके एक दूसरी सुहागानों को पानी पिलाया सुहागन किससे धापी, , पानी पीने वाली रहती है पानी से धापी सुहाग से नहीं। कटी हुई महिलाओं ने एक दूसरे को पानी पिलाकर व्रत पूर्ण कराया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर ने खातोली मे किया खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों का स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**कोटा/खतोली ।** कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेमगोचर ने राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, खातौली पहुंचकर विजेता खिलाडियों का भव्य स्वागत किया। सभी ग्रामवासी, अभिभावक और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर नौनिहालों का अभिनंदन किया। खिलाडि़यों ने पंचमुखी बालाजी की पूजा-अर्चना के बाद जीत का जुलूस निकाला, जिसमें सभी उपस्थित रहे। प्रेमगोचर ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय के लिए नए कक्षा कक्ष निर्माण का आश्वासन भी दिया। प्रशिक्षक केशव कुमार शर्मा ने बताया कि खिलाडियों ने संभागस्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो-खो, 100 मीटर दौड़ और 4म100 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। ध्वजवाहक राज उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिका ने अंडर 17 राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर रेखा कुमारी, महेंद्र सिंह हाड़ा, मधुसूदन शर्मा, बाबूलाल कुम्हार, सीताराम योगी और अन्य ग्रामवासी, अभिभावक एवं पीईओ स्टाफ उपस्थित रहे।

**सौंदरीकरण के दौरान स्कूल की दीवार व प्याऊ को तोड़ने का मामला**

# नगरपालिका पर विधिक प्रक्रिया न अपनाने का आरोप, ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



रामगंज मंडी (प्रमोद राठौर)। नगर कांग्रेस कमेटी ने रामगंजमंडी नगर पालिका पर बिना किसी विधिक प्रक्रिया अपनाए सरकारी संपत्ति को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में शुक्रवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल, कांग्रेस नेता विजय गौतम, रमेश मीणा (गुड्डू) सहित अन्य कांग्रेस जनों ने अधिशाषी अधिकारी तरुण लहरी और राजकीय स्कूल के प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि पालिका प्रशासन ने सौंदर्यीकरण के नाम पर अम्बेडकर सर्किल स्थित नाका चुंगी भवन को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया, जबकि इस संबंध में न तो कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही कोई बोर्ड प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही भामाशाह द्वारा स्कूल परिसर में निर्मित प्याऊ को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया, जिससे उसका एक कोना टूट गया। आरोप है कि यह कार्रवाई कार्यवाहक चेयरमैन अखिलेश मेड़तवाल के निर्देश पर 9 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे शहर की लाइटों को बंद करवाकर की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि यह कार्रवाई कानून के शासन का उल्लंघन है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन पालिका प्रशासन को हर कार्य नियमों के अनुसार और बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर ही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए की गई कार्रवाई पूरी तरह गलत है। इसके चलते कांग्रेस ने मांग की है कि अवैध विध्वंस के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक व कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी मनमानी रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन के दौरान नूर मोहम्मद, मनीष पारेता, वीरू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लंपी बीमारी से 22 गायों की मौत, डॉक्टर बोले- तेजी से फैलता है यह वायरस

**कोटा**। राजस्थान में 3 साल पहले गायों में फैले लंपी वायरस के कारण कई गोवंशों की मौत हो गई थी। एक बार फिर लंपी के केस सामने आए है। कोटा में पिछले 17 दिन में 80 से ज्यादा गाय इस वायरस के कारण बीमार पड़ी। 22 गौवंशों की मौत हो चुकी है। कोटा नगर निगम गोशाला समिति अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया- रावतभाटा रोड पर 24 सितंबर से आवारा पशुओं के लिए आइसोलेशन वार्ड शुरू किया गया था। निगम टीम शहर में जहां से भी लावारिस गोवंश की शिकायत मिलती है, वहां से उन्हें गोशाला में लेकर आते है।गायों को लंपी टेस्ट के बाद आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। अब तक लंपी से बीमार 83 गौवंशों को यहां लाया गया है। यहां डॉक्टर और उनकी टीम इलाज करती है। आइसोलेशन वार्ड में अलग अलग शिफ्ट में पशु परिचरों की डयूटी भी लगाई जाती है। पशु धन निरीक्षक मनोज नागर ने बताया- आइसोलेशन सेंटर पर वर्तमान में 21 गोवंश है। 24 सितंबर से अब तक 80 से ज्यादा गाय इस वायरस के कारण बीमार गाय आ चुकी है। 22 की मौत भी हो गई। हालांकि रिकवरी केस भी अच्छे है। 40 गाय पूरी तरह से स्वस्थ हो चुकी हैं, जिन्हें वापस गोशाला में शिफ्ट कर दिया गया है।

# रिश्वतखोर डॉक्टर निकला करोड़ों का मालिक

## एसीबी ट्रेप पर बोला- जो लेना है ले लो, लेकिन मुझे छोड़ दो; कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पकड़े गए रिश्वतखोर डॉक्टर व उसके सहयोगी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसीबी की जांच में रिश्वतखोर डॉक्टर के करोड़ों का मालिक होने का पता चला है। सर्च कार्रवाई में एसीबी को प्रॉपर्टी के दस्तावेज व एक बैंक लॉकर मिला है।

एसीबी सूत्रों की मानें तो रिश्वत लेते समय न्यूरो सर्जरी विभाग के एसओडी डॉ. मनीष अग्रवाल को ट्रैप किया गया। ट्रैप की कार्रवाई के दौरान एसीबी हेड कॉन्स्टेबल से बचने के लिए डॉ. मनीष अग्रवाल गिड़गिड़ाने लगा और बोला- जो चाहिए वो ले लो, लेकिन मुझे छोड़ दो।

एसीबी की सर्च कार्रवाई में 4.85 लाख रुपए कैश, 5 प्रॉपर्टी के डॉक्यूमेंट और एक बैंक लॉकर मिला है। 5 प्रॉपर्टी में एक फ्लैट, 3 मकान और एक कृषि भूमि है, और ये सभी संपत्तियां जयपुर में ही स्थित हैं। जांच में डॉ. मनीष अग्रवाल के दो-चार घोटालों की जानकारी सामने आई है। एसीबी की ओर से डॉ. मनीष अग्रवाल के कार्यकाल में जारी किए गए सभी टेंडर्स की जांच की जाएगी।



एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत ने बताया- जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) के न्यूरो डिपार्टमेंट के हेड डॉ. मनीष अग्रवाल को एसीबी ने गुरुवार रात गिरफ्तार किया था। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में 3 बड़ी जिम्मेदारी संभालने वाला घूसखोर डॉक्टर जयपुर हैंडबॉल संघ का अध्यक्ष भी है।

एसीबी टीम ने गोपालपुरा बाईपास स्थित डॉक्टर मनीष के घर पर उसे 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा था। डॉक्टर ने यह रिश्वत ब्रेन कॉइल सप्लाई करने वाले ठेकेदार से 12.5 लाख रुपए के बिल पर साइन करने के एवज में मांगी थी।

एसीबी कार्रवाई के दौरान रिश्वत की रकम को उठाकर भागने वाले डॉक्टर के सहयोगी जगत सिंह को भी पकड़ा गया था। एसीबी टीम ने शुक्रवार दोपहर दोनों आरोपी डॉ. मनीष अग्रवाल और उनके सहयोगी जगत सिंह को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल में न्यायिक हिरासत दिया गया।

### बैंक लॉकर की जांच के लिए पत्नी ने मांगी मोहलत

आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एसीबी को शुक्रवार को कुछ और शिकायतें मिली हैं, और एसीबी ने उन सभी शिकायतों की जांच शुरू कर दी है। एसीबी ने डॉक्टर के घर से मिले बैंक लॉकर की चाबी जब्त कर ली है। एसीबी द्वारा बैंक लॉकर खुलवाकर जांच करने के लिए कहने पर डॉक्टर की पत्नी ने करवा चौथ का व्रत होने की बात कहकर एक दिन की मोहलत मांगी। डॉक्टर की पत्नी ने कहा कि वे शनिवार को बैंक चलकर लॉकर खुलवाएंगी। अब शनिवार और रविवार को बैंक में अवकाश होने के कारण लॉकर सोमवार को खोला जाएगा।

### खाचरियावास का दावा-घूस लेने वाला डॉक्टर भाजपा पदाधिकारी

डॉ. मनीष अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं और वे चुनावों के दौरान भाजपा के लिए प्रचार कर चुके हैं।



यह कहना है पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास का। जयपुर में खाचरियावास ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने राजस्थान के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में हुई 8 लोगों की मौत के लिए सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया।

खाचरियावास ने यह भी कहा कि इसी अस्पताल के डॉ. मनीष अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा जाना अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार को दर्शाता है। क्या भाजपा का पदाधिकारी होने के कारण ही उन्हें एसएमएस अस्पताल का वाइस प्रिंसिपल और खरीद विभाग का इंचार्ज बनाया गया था?

## कार्यग्रहण नहीं करने वाले 2 बीएलओ निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के सिविल लाईन्स (051) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी श्री गौरव बांकावत ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 2 बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सिविल लाईन्स (051) श्री गौरव बांकावत् ने बताया कि राज. उमावि, हथरोई के वरिष्ठ अध्यापक महेश कुमार शर्मा एवं राबाउमावि, बनीपार्क के सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री दीपक गर्ग को स्थाई बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)/ सुपरवाईजर नियुक्त किया गया था।

# अब देशभर में एसआईआर करवाएगा चुनाव आयोग

## पहले फेज में बंगाल, असम समेत 5 राज्य

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) बिहार के बाद अब देशभर में फेजवाइज स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करवाएगा। न्यूज एजेंसी को चुनाव आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश में एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले फेज में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन होगा।

दरअसल, चुनाव आयोग एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट की जांच करता है। आयोग के अनुसार, इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कहा था कि सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने का काम चल रहा है। इसके रोलआउट पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा। तीनों आयुक्त राज्यों के लिए एसआईआर शुरू करने की तारीखों पर फैसला लेने के लिए मिलेंगे।

बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा करते हुए सीईसी कुमार ने 24 जून को बिहार एसआईआर शुरू करते समय अखिल भारतीय एसआईआर की योजना की घोषणा की थी।

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 2 तरीके बताए :

**पहला :** बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर, एक प्री-फील्ड फॉर्म गणना प्रपत्र (मतदाता की जानकारी और दस्तावेज) लेकर जाएंगे।

**दूसरा :** कोई भी व्यक्ति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह फॉर्म डाउनलोड करके उसे भर सकता है।

# मिलावटी पनीर, नकली सॉस पकड़ा

## कद्दू के पल्प और सिंथेटिक पनीर से बनाते है सॉस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** त्यौहारी सीजन में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थो की बढ़ती बिक्री को देखते हुए फूड सेफ्टी टीम लगातार छापे मार रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को जयपुर सीएमएचओ की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर नकली सॉस और मिलावटी पनीर जब्त कर उसे नष्ट करवाया।

जयपुर सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल ने बताया- पहली कार्रवाई जगतपुरा एरिया में की गई। जगतपुरा में जेएनयू के पीछे स्थित फर्म हरियाणा डेयरी पनीर के गोदाम पर छापा मारकर वहां से करीब 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद किया। पूछताछ में डेयरी फर्म संचालक ने बताया- ये पनीर वह बाजार में 240 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से जयपुर के अलग-अलग स्थानों पर दुकानों, होटलों, ढाबों आदि पर बेचता है। प्राथमिक जांच में पनीर मिलावटी दिखने पर टीम ने पनीर का नमूना लेकर लैब में भिजवाया और शेष पनीर को नष्ट करवाया।

**कद्दू के पल्प से सॉस बनाते**



**पकड़ा :** दूसरी कार्रवाई कानोता में सॉस बनाने वाली फर्म पर की गई। डॉ. मित्तल ने बताया- टीम ने कानोता में स्थित फर्म वालिया एंटरप्राइजेज के कारखाने पर छापा मारा। जहां से करीब 700 किलोग्राम नकली सॉस बरामद हुआ, जिसे नष्ट करवाया।

पूछताछ में सामने आया कि ये सॉस कद्दू पल्प में सिंथेटिक रंग मिलकर तैयार किया जाता है। इस दौरान मौके पर लगभग 1200 किलोग्राम कच्चे कद्दू, सिंथेटिक रंग, केमिकल आदि मिले हैं। इसके अलावा यहां लगभग 700 किलोग्राम मिलावटी सॉस को विभिन्न साइज की पैकिंग्स में सप्लाई के लिए भेजा जा रहा था, जिसे नष्ट करवाया। पूछताछ में सामने आया कि ये सॉस बाजार में केवल 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से छोटे ठेले, छोटे रिटेलर्स को बेचा जाता है। टीम ने सॉस का नमूना फैक्ट्री में आगामी आदेश तक प्रोडक्शन को बंद करवा दिया।

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय दुगूनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' प्रारम्भ करने जा रही है। इनका उद्देश्य देश भर में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल विविधकरण, मूल्य संवर्धन और बाजार सुविधा से जोड़ना है।

आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला ने बताया कि 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' एवं 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारम्भ 11 अक्टूबर, शनिवार को नई दिल्ली से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। इसी तर्ज पर इस योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

कृषि आयुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 450 कृषक भाग लेंगे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्योहारी सीजन में साफ-सफाई और सजावट के दिए विशेष निर्देश

# देवस्थान विभाग के मंदिरों में मनाई जाएगी 'पंचपर्व दीपावली'

## मंदिरों पर होगी विशेष सजावट, राजकीय विद्यालयों में रंग-रोगन के साथ सघन रूप से होगी साफ-सफाई, अतिवृष्टि प्रभावित 4 हजार स्कूलों को मरम्मत के लिए प्रति स्कूल 2 लाख रुपये की स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली त्योहार के मद्देनजर देवस्थान विभाग को मंदिरों में विशेष सजावट करने के साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजकीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण सहित सार्वजनिक स्थानों पर समुचित रोशनी और सजावट के विशेष दिशा-निर्देश भी प्रदान किए हैं।

सीएम शर्मा ने दीपावली पर्व के पावन अवसर पर देवस्थान विभाग के अन्तर्गत सभी मंदिरों एवं प्रन्यास मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग द्वारा 'पंचपर्व दीपावली' का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में दीपावली से पूर्व सभी मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, दीपों और विद्युत सजावट से मंदिरों को आलोकित किया जाएगा। इस आयोजन के अन्तर्गत श्रद्धालुओं की सहभागिता से मंदिरों में सामूहिक दीप प्रज्वलन भी किया जाएगा, जिससे 'एक दीप सबके लिए' का संदेश प्रसारित होगा। पंचपर्व दीपावली में रंगोली, महाआरती एवं भक्ति संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, महाभोग का वितरण भी किया जाएगा।



शर्मा ने कहा कि नगरीय निकायों में पुरानी हो चुकी लाइटों के स्थान पर 2 लाख नवीन स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग को टेण्डर प्रक्रिया शीघ्र संपादित करने के निर्देश दिए। इन लाइटों के लगने से सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी सुनिश्चित होने के साथ ही अपराधों की रोकथाम करने में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय विद्यालयों का रंग-रोगन करने के साथ ही, सघन रूप से साफ-सफाई की जाए, जिससे बारिश से प्रभावित विद्यालयों का नया रूप निखर कर आएगा। उन्होंने दीपावली त्योहार से पूर्व विद्यालयों की रंग-रोगन और मरम्मत सुनिश्चित करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं।

शर्मा के निर्देशानुसार 65 हजार विद्यालयों में मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इनमें 15 हजार सीनियर सैकेण्डरी स्कूल को बॉयज फंड के माध्यम से रिपेयर किया जा रहा है। साथ ही, एक हजार 500 स्कूलों को स्टेट फंड से सुधारने का काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में अतिवृष्टि प्रभावित 4 हजार स्कूलों को 2 लाख रूपये प्रति स्कूल के हिसाब से मरम्मत के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है और 16 हजार अतिवृष्टि प्रभावित स्कूलों को यह स्वीकृति दी जा रही है। 23 हजार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल को राज्य वित्त आयोग की निधि से 25 हजार रुपये प्रति स्कूल की सहायता दी जा चुकी है।

### ट्रम्प की मांग पर तालिबान बोला-

# बगराम एयरबेस नहीं देंगे

## भारत दौरे पर आए विदेश मंत्री ने कहा- अपनी जमीन किसी के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे

बढ़ता राजस्थान

**काबुल (एजेंसी)।** भारत दौरे पर आए तालिबान के विदेशमंत्री अमीर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को कहा कि बगराम एयरबेस किसी को नहीं देंगे। उन्होंने ये भी कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी देश के खिलाफ नहीं होने देगा।



दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने कहा था कि वे अफगानिस्तान में अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापस चाहते हैं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

मुत्तकी ने कहा कि अफगान लोग कभी अपनी जमीन पर विदेशी सेना को स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई देश अफगानिस्तान के साथ संबंध बनाना चाहता है, तो डिप्लोमेटिक तरीके से आए, मिलिट्री वर्दी में नहीं।

मुत्तकी ने भारत और अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत को करीबी दोस्त बताया, जो मुश्किल वक्त में अफगानिस्तान के साथ खड़ा रहा।

हाल ही में हेरात प्रांत में आए भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले मानवीय मदद भेजी थी। उन्होंने कहा- भारत ने सबसे पहले मदद की। हम भारत को करीबी दोस्त मानते हैं।

मुत्तकी ने भारत को अफगानिस्तान के खनिज और एनर्जी सेक्टर में इन्वेस्टमेंट करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के संसाधनों का रास्ता तालिबान से होकर जाता है और वे भारत के साथ काम करना चाहते हैं। अफगानिस्तान में लिथियम, कॉपर और रेयर अर्थ मिनरल्स जैसे संसाधनों बड़ी मात्रा में हैं, जो बैटरी और तकनीकी इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### अफगानिस्तान में भारत दूतावास शुरू करेगा

भारत फिर से अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करने की बात कही। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि भारत काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में बदलेगा। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने दूतावास बंद कर दिया था। लेकिन एक साल बाद व्यापार, चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता की सुविधा के लिए एक छोटा मिशन खोला था।

दिल्ली में हुई जयशंकर और मुत्तकी की बैठक में किसी भी देश के झंडे का इस्तेमाल नही किया गया। दरअसल भारत ने अफगानिस्तान में अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है।

मुत्तकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है।

## शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा कलेक्टर-एसपी कॉफ्रेंस का उद्घाटन सत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 13 अक्टूबर को अपराह्न 02:20 बजे हरीश चन्द माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में कलेक्टर—एसपी आवासीय कॉफ्रेंस का उद्घाटन होगा। 13 एवं 14 अक्टूबर को होने वाली इस कॉफ्रेंस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्रिगण, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी भाग लेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगा राम ने बताया कि कॉफ्रेंस में ग्रुपवार विभिन्न थीम पर प्रस्तुतीकरण व विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर समीक्षा होगी। पुलिस अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों हेतु पृथक-पृथक व संयुक्त सत्र आयोजित होगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### राजसमंद में 81,696 अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 94,428 नवीन पात्र व्यक्ति हुए पंजीकृत

# गिव अप अभियान देशभर में बना मॉडल : गोदारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को राजसमंद कलेक्ट्रेट में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा राशन आवंटन, वितरण, उचित मूल्य की दुकानों की कार्यप्रणाली व निगरानी, गिव अप अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सक्षम एवं अपात्र लोगों को एनएफएसए (खाद्य सुरक्षा) से बाहर करने के लिए गिव अप अभियान शुरू किया था जिसमें उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई है। अभियान के तहत प्रदेश में 38 लाख से अधिक अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है।

गिव अप अभियान के तहत राजसमंद जिले में 81,696 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है, वहीं ई-केवाईसी नहीं होने के कारण विभाग द्वारा 69,666 व्यक्तियों के नाम हटाए गए हैं। इस प्रकार कुल 1,51,362 अपात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर किया गया है ताकि निर्धन, पात्र और जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।



उन्होंने बताया कि जिले में इस प्रक्रिया के अंतर्गत 94,428 नवीन पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है, वहीं प्रदेश में 66 लाख नवीन व्यक्तियों को जोड़ा गया है। ये नवीन पंजीकृत व्यक्ति अब रियायती दरों पर गेस सिलेंडर, निशुल्क उपचार सहित अन्य कई योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में पाँच लाख रुपए का सुरक्षा कवच मिलेगा। खाद्य मंत्री श्री गोदारा ने राजसमंद जिले की प्रगति की मुक्तकंठ से सराहना की और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रावत, जगदीश पालीवाल, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिला रसद अधिकारी विजय सिंह सहित जिले में कार्यरत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार